51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 26.0°c
अधिकतम 33.2 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
मो. 94127-10840
सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:22, सूर्यास्त : 7:23 | वर्ष : 51/ अंक : 178 | बृहस्पतिवार, 29 जून 2023 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष, एकादशी | सम्वत् 2080 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

घर से दूर रहने पर मां का महत्व समझ आता है, और पैसे कमाते समय पिता का महत्व समझ में आता है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

जीएसटी के एडिशनल कमिश्नर को आय से अधिक मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया : लखनऊ

शिक्षा पर है लालच भारी..... डरते नहीं हैं भ्रष्टाचारी.......

# प्रेमविवाह की दी सजा, सरेआम बहन का किया कत्ल

- अलीपुर अटेरना में ऑनर किलिंग की वारदात से सनसनी, शौहर ने भागकर बचाई जान
- युवती को सगे भाईयों ने पहले गोली मारी, फिर बलकटी से काटकर मौत के घाट उतारा

**बुढ़ाना, 28 जून (बु.)।** पड़ौस के ही एक अन्य जाति के लड़के से नैन मटक्का करके शादी करने वाली युवती को उसके सगे भाइयों ने पहले गोली मारी, फिर उसके बाद बलकटी से ताबड़तोड़ वार कर काट डाला और मौत के घाट उतार दिया। आरोपी भाई घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। इस घटना में युवती का पति भी मारा जाता, लेकिन वह मौका पाकर अपनी जान बचाकर भाग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपी भाइयों की तलाश शुरू कर दी है। घटना को लेकर गांव में सन्नाटा है।



मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव अलीपुर अटेरना निवासी 21 वर्षीया फरहाना खान पुत्री जमशेद का अपने ही गांव के जोगी जाति के एक युवक शाहिद अल्वी से नैन मटक्का हो गया था। तब लगभग नौ महीने पहले दोनों ने परिजनों के डर से भागकर शादी कर ली थी। शादी के बाद दोनों के परिजनों ने दोनों का पता निकाल लिया था, लेकिन युवती के परिजन युवती से किसी भी तरह का संबंध नहीं रखना चाहते थे। अब पिछले महीने युवती ने बुढ़ाना कोतवाली में पुलिस को तहरीर देते हुए गांव में ही अपने पति शाहिद अलवी के साथ रहने की इच्छा जताई थी और अपनी सुरक्षा की मांग की थी कि उसे अपने भाईयों से जान का खतरा है। चर्चा है कि तब पुलिस ने उसको गांव में ही पति के साथ रहने की मौखिक स्वीकृति दे दी थी। अब दोनों पति पत्नी गांव अलीपुर अटेरना में ही रह रहे थे। आज देर सायं के समय फरहाना खान अपने पति शाहिद के साथ बुढ़ाना में स्थित किसी ब्यूटी पार्लर में जाने के लिए घर से निकली, तो गांव में ही स्थित एक धार्मिक स्थल के पास फरहाना और उसके पति को फरहाना के भाईयों इमरान और नौमान आदि ने घेर लिया और फरहाना को गोली मार दी। गोली लगते ही फरहाना नीचे गिर गई, जबकि शाहिद किसी तरह से मौका पाकर फरार होने में कामयाब हो गया। उधर फरहाना की सांस चलती देख उसके भाईयों ने फरहाना को बलकटी से कई वार करके काटकर मौत के घाट उतार दिया और फरार हो गए। तब घटना की सूचना उमरपुर पुलिस चौकी प्रभारी संजय यादव और बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार शर्मा को मिली तो वे सीओ विनय गौतम को साथ लेकर घटनास्थल पर पहुंचे और आसपास के ग्रामीणों से बातचीत कर फरहाना के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपी भाइयों की तलाश शुरू कर दी। घटना को लेकर गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

# कुतुबपुर में छेड़छाड़ की रंजिश में महिला की हत्या

## संघर्ष में महिला को फावड़े से काटा, उपचार के दौरान हुई मौत

**मीरापुर, 28 जून (बु.)।** गांव कुतुबपुर में छेड़छाड़ के मुकदमे में फैसला न करने से नाराज एक पक्ष के लोगों ने कूड़ी पर गोबर डालने जा रही दूसरे पक्ष की महिला व उसकी पुत्री पर फावड़े से हमला बोल दिया। जिसमें सिर में फावड़ा लगने से महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई तथा मेरठ अस्पताल में उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। मृतक महिला के पति ने चार हमलावरों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।



फरजाना का फाइल फोटो

मीरापुर थानाक्षेत्र के गांव कुतुबपुर निवासी नबाब अली ने कुछ वर्ष पूर्व गांव के मन्नू व उसके पक्ष अन्य लोगों के विरुद्ध अपनी पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने का मुकदमा दर्ज कराया था। उक्त मामले में आरोपी जेल गए थे तथा जमानत पर बाहर है आरोप है कि जमानत पर बाहर आने के बाद से ही आरोपी नवाब अली पर मुकदमें में फैसला करने का दबाव बना रहे थे तथा तरह तरह की धमकी दे रहे थे। मंगलवार की सुबह कबूतरबाजी को लेकर दोनों पक्षों में पुनः कहासुनी हो गई, जिसके बाद देर शाम नबाब अली की पत्नी फरजाना व पुत्री अनम अपने पशुओं का गोबर कूड़ी पर डालकर वापिस आ रही थी, तो आरोप है कि इस दौरान दूसरे पक्ष के मन्नू उर्फ छंगा ,तैय्यब, पप्पू व सरताज ने इन्हें रोक लिया तथा गाली-गलौच करते हुए फरजाना पर फावड़े से हमला कर दिया, जिससे वह लहुलुहान होकर नीचे गिर गए, जिस पर उसकी पुत्री अनम ने शोर मचाया, तो अन्य ग्रामीणों को आता देख आरोपी हमलावर मौके से फरार हो गए। परिजन गम्भीर रूप से घायल फरजाना को एम्बुलेंस से जानसठ सीएचसी ले गए, जहाँ से गम्भीर हालत में चिकित्सकों ने फरजाना को जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया तथा जिला चिकित्सालय से भी उसे मेरठ रैफर कर दिया गया, जहाँ उपचार के दौरान फरजाना की मौत हो गई। महिला की हत्या की सूचना से पुलिस में हड़कम्प मच गया तथा पुलिस आनन-फानन में गांव में पहुँच गई और घटना की जानकारी ली, दोपहर में मृतका के पति नबाब अली ने थाने पहुँचकर मन्नू पुत्र पप्पन, तैय्यब पुत्र मन्नू व पप्पू व सरताज पुत्रगण दिल्लों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। वहीं मामले पर मीरापुर इंस्पेक्टर रवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि मृतका के पति की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है, जल्द ही नामजद आरोपियों को गिरफ़्तार कर लिया जाएगा।



**पहले भी छेड़छाड़ में जेल जा चुके हैं आरोपी**

मीरापुर। कुतुबपुर में नवाब अली व मन्नू दोनों आपस में चचेरे भाई है। दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश चल रही है। नवाब अली की पुत्री के साथ छेड़छाड़ के आरोप में मन्नू पक्ष पहले भी जेल जा चुका है तथा जमानत पर है इसके बाद से दोनों पक्षों में रंजिश और बढ़ गई।







# अमीन और नायब तहसीलदार के अर्दली में जमकर मारपीट

- नायब तहसीलदार की कोर्ट के शीशे तोड़े, अमीन निलंबित

जानसठ, 28 जून (बु.)। तहसील परिसर में नायब तहसीलदार के अर्दली और संग्रह अमीन में व्हाट्सएप कॉमेंट्स को लेकर जमकर मारपीट हो गई। मारपीट में नायब तहसीलदार कोर्ट के शीशे टूट गए। बाद में एसडीएम ने संग्रह अमीन को निलंबित कर दिया। तहसील में कार्यरत संग्रह अमीन मोहित कुमार ने नायब तहसीलदार जसविंदर सिंह के अर्दली छोटा सिंह की पत्नी को लेकर कोई कमेंट कर दिया, जिसके बाद अर्दली ने संग्राम इनसे इसका विरोध किया। एक बार तो संग्रह अमीन के तहसील अध्यक्ष अरविंद पाराशर ने दोनों को बिठाकर मामले का निपटारा करा दिया, लेकिन बाद में अर्दली छोटे सिंह ने संग्रह अमीन को थप्पड़ मार दिया, जिसके बाद दोनों में जमकर मारपीट शुरू हो गई। अन्य कर्मचारियों ने किसी तरह से मामले को शांत किया, जिसके बाद नाराज संग्रह अमीन ने नायब तहसीलदार की सैर पर उसकी पिटाई का आरोप लगा दिया। उसके बाद उसने नायब तहसीलदार कोर्ट के शीशे तक तोड़ दिए। बाद में मामला एसडीएम अभिषेक कुमार के पास पहुंचा, तो उन्होंने संग्रह अमीन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। एसडीएम ने बताया की संग्रह अमीन द्वारा बदतमीजी की गई थी, जिसके बाद उसे निलंबित कर दिया गया।

# भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर पर बदमाशों ने चलाई गोलियां, कमर को छूते हुए निकली गोली

**सहारनपुर, 28 जून (एजेंसी)।** यूपी के सहारनपुर से बड़ी खबर आई है। आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद पर देवबंद इलाके में हमला हुआ है। हरियाणा नंबर की कार से आए बदमाशों ने आजाद पर फायरिंग की। आजाद के कमर को छूते हुए गोली निकल गई है। घायल अवस्था में उन्हें देवबंद के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सहारनपुर के एसएसपी विपिन टाडा ने बताया कि कार सवार हमलावरों ने चंद्रशेखर आजाद पर हमला किया है। उनकी तलाश की जा रही है। चंद्रेशखर का इलाज चल रहा है। उनकी हालत खतर से बाहर है। यूपी के एडीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार का बयान भी सामने आया है। उन्होंने मीडिया को बताया कि गोली चंद्रेशखर आजाद को छूते हुए निकल गई है। कार सवार बदमाशों ने चार राउंड फायरिंग की है। अज्ञात हमलावरों की तलाश में पुलिस जुटी है। ये लोग हरियाणा नंबर की गाड़ी से आए थे। आजाद को गोली के छर्रे लगे हैं। बताया जा रहा है कि चंद्रशेखर अपने फार्चूनर कार से देवबंद के दौरे पर पहुंचे थे। तभी अचानक कार से आए हमलावरों ने उनकी गाड़ी पर फायरिंग कर दी। आजाद की कार पर गोलियों के निशान साफ देखे जा सकते हैं। मौके पर पुलिस फोर्स तैनात है। पूरे मामले की जांच चल रही है। हमले में चंद्रेशखर आजाद की कार के शीशे टूट गए हैं। पुलिस ने आसपास के इलाकों की नाकाबंदी कर दी है, ताकि हमलावर फरार न होने पाएं। इलाके में लगे सभी सीसीटीवी फुटेज चेक किए जा रहे हैं। पता चला है कि कार सवार हमलावर काफी देर से चंद्रशेखर आजाद की गाड़ी का पीछा कर रहे थे। मौका मिलते ही फायरिंग कर फरार हो गए।

## अखिलेश के निर्देश पर चन्द्रशेखर का हाल जानने सहारनपुर पहुंचे हरेन्द्र मलिक

मुजफ्फरनगर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक ने भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद पर हुए जानलेवा हमले की निंदा की और कहा कि आज कोई सुरक्षित नहीं है। कानून व्यवस्था खराब हो चुकी है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक अपने दर्जनों पार्टी नेताओं के साथ सहारनपुर पहुंचे और चंद्रशेखर का हाल जाना व भीम आर्मी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से बातचीत भी की। उन्होंने कहा कि इस समय प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। वह इस संबंध में आला अधिकारियों से बातचीत कर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग करेंगे। मलिक के साथ सहारनपुर जाने वालों में सपा नेता राकेश शर्मा, पंडित राज किशोर शर्मा, जुनेद, नंदकिशोर शर्मा, छोटू चौधरी, हरीश चौधरी आदि समर्थक चंद्रशेखर का हाल-चाल जानने पहुंचे। चरथावल विधायक पंकज मलिक ने भी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है।



**अफसर हैरान-उद्यमी परेशान...** फेडरेशन भवन पर हुई उद्योग बंधु की बैठक में विद्युत विभाग के आला अफसरों की धींगामुश्ती सुनकर निरुत्तर हुए जिलाधिकारी

# बिजली वालों की करतूत से जिले के उद्योग जगत में छा रहा अंधेरा

**डीएम ने दो समस्याओं का कराया निस्तारण, एक्सईएन के प्रति जताई कड़ी नाराजगी**





फोटो बुलेटिन: उद्योग बंधु की बैठक में जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी को मेक इन इंडिया का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करते फेडरेशन के अध्यक्ष अंकित संगल तथा उपस्थित जिले के प्रमुख उद्योगपति।

मुजफ्फरनगर, 28 जून (बु.)। फेडरेशन ऑफ मुजफ्फरनगर कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की जिला उद्योग बंधु समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी द्वारा उद्योगों की लम्बित दो समस्याओं का निस्तारण करते हुए विद्युत विभाग से संबंधित समस्याओं का निस्तारण करने में लापरवाही बरतने के साथ बैठक में एक्सईएन विद्युत के अनुपस्थित होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई।

फेडरेशन आफ मुजफ्फरनगर कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के फेडरेशन भवन पर बुधवार को जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में आज एक उद्योग बन्धु मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें बैठक का संचालन कर रहे उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने उद्योग बन्धु का एजेण्डा बिन्दुवार पढ़ा, जिसमें सबसे अधिक समस्याएँ विद्युत विभाग से सम्बन्धित थी। बैठक में अध्यक्ष अंकित संगल ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि जिले में इस समय कोई भी ऐसा औद्योगिक फीडर नहीं है जिस पर विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से मिल रही हो। दिन में कई-कई बार ब्रेक डाउन, शट डाउन होते हैं, जिससे इकाईयों में उत्पादन प्रभावित होता है। इस सम्बन्ध में समस्त अधीक्षण अभियन्ताओं के साथ फेडरेशन द्वारा मीटिंग की जा चुकी है, लेकिन विद्युत आपूर्ति की स्थिति आज भी बद से बदतर है। विभाग यह कहकर पल्ला झाड़ लेता है कि हमारे पास स्टाफ की कमी है और एक अधिकारी पर कई-कई सब स्टेशनों का चार्ज है। इसलिए फाल्ट अटैण्ड करने व समस्या को दूर करने में देरी हो जाती है। उद्योग बंधुओं की इस गम्भीर समस्या को देखते हुए जिलाधिकारी श्री बंगारी ने आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि विद्युत अधिकारी अपनी जिम्मेदारी समझें अन्यथा उनके खिलाफ कार्यवाही करने हेतु प्रबन्ध निदेशक, मेरठ को पत्र लिखा जायेगा। उन्होंने आगे कहा कि इस मीटिंग में अधिशासी अभियन्ता मेरे बुलाने के बावजूद भी मीटिंग में उपस्थित नहीं हुए तो उद्यमियों की समस्या किस प्रकार दूर करते होंगे, यह स्वयं ही सम-ा जा सकता है। उद्यमियों ने जिलाधिकारी से कहा कि इस समय विद्युत विभाग के अधिकारी बेलगाम हैं और उनकी समस्याओं पर कोई सुनवाई नहीं हो पा रही है। एमडीए के सचिव आदित्य प्रजापति से महायोजना 2031 पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। एडीएम (ई) नरेन्द्र बहादुर सिंह, अधिशासी अभियन्ता एसके अग्रवाल के अलावा मुख्य रूप से रोलिंग मिल एसोसिएशन अध्यक्ष सतीश गोयल, आईआईए चेयरमैन विपुल भटनागर, उद्यमी पंकज जैन, केएल अग्रवाल, अभिनव स्वरूप, अरविन्द गुप्ता, श्रेय जैन, अंकुर गर्ग, दीपक मित्तल, अनन्य गर्ग, अरविन्द मित्तल, कुश पुरी, पवन गोयल, सोम प्रकाश कुच्छल आदि उपस्थित रहे।

**बोले डीएम बंगारी-मेरी भी नहीं सुन रहे अफसर...**

**उद्योग बंधु की बैठक में उपस्थित होने के लिए स्वयं मैंने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिये थे, मेरे बुलाने पर भी वो नहीं आये, यह गंभीर स्थिति है। इसी से विद्युत विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली का परिचय मिलता है, जब मेरे बुलाने पर भी वो नहीं आये तो किस प्रकार समस्याओं का निस्तारण करते होंगे, यह स्थिति गंभीर है, ऐसे अफसरों के खिलाफ कार्यशैली में व्यापक सुधार नहीं होने पर एमडी विद्युत मेरठ को लिखा जायेगा और आदेशों की अवहेलना को लेकर सख्त कार्यवाही कराई जायेगी ...**

**अरविन्द मल्लप्पा बंगारी,** जिलाधिकारी

## एसडी मार्किट से व्यापारी ने अवैध कब्जा हटाया

**बरामदे में दीवार कर तीन साइड लगा लिए थे शटर, दो पक्षों में था विवाद**

मुजफ्फरनगर, 28 जून (बु.)। एसडी मार्किट में सार्वजनिक बरामदे में कब्जा करते हुए दीवार खड़ी कर तीन साइड में शटर लगा दिये जाने के प्रकरण में मार्किट के व्यापारियों द्वारा किये गये विरोध और शिकायत के बाद पुलिस और प्रशासनिक जांच में आरोप साबित होने पर व्यापारी ने नगर मजिस्ट्रेट के नोटिस के बाद अपना अवैध कब्जा पूरी तरह से हटा लिया है।

न्यू एसडी कॉलेज मार्किट प्रथम तल पर दुकान करने वाले व्यापारी संजय अग्रवाल के साथ अन्य व्यापारियों ने 29 मई को नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप से शिकायत की थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उनकी दुकानों तक पहुंचने के लिए जो जीना व रास्ता बनाया गया है, वहां सार्वजनिक बरामदे में शिव साडी केन्द्र के मालिक शिव कुमार मित्तल पुत्र धर्मवीर द्वारा जीने के पास बरामदे में पक्का निर्माण करते हुए तीन साइड में शटर लगाकर कब्जा कर लिया है। इसकी जांच नगर मजिस्ट्रेट ने शहर कोतवाली प्रभारी को सौंपते हुए रिपोर्ट मांगी थी। 08 जून को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ने अपनी रिपोर्ट दी, जिसमें बरामदे में अवैध कब्जा होने के आरोप सही पाये गये और इससे दो पक्षों में -ागड़े की संभावना भी बताई गई। नगर मजिस्ट्रेट ने शिवकुमार मित्तल को नोटिस जारी करते हुए अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिये थे। शिवकुमार मित्तल ने बताया कि नगर मजिस्ट्रेट के आदेश पर उनके द्वारा अपना निर्माण पूरी तरह से हटा लिया गया है।

## चेयरमैन ने टीम के साथ देखी ईदगाह की तैयारियां, दिए निर्देश

**▶▶ ईद उल अजहा पर साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति व कुर्बानी को लेकर सक्रियता पर जोर**



मुजफ्फरनगर, 28 जून (बु.)। कांवड़ यात्रा मेले के साथ गुरूवार को होने वाली ईद-उल-अजहा की शुरू तैयारियों के बीच बुधवार को नगर पालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप ने पालिका की ओर से की गई तैयारियों का इस बीच में स्थलीय निरीक्षण किया। इस बीच स्थानीय लोगों द्वारा क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं के निदान के साथ उन्होंने ईद-उल-अजहा के लिए ईदगाह पर होने वाली नमाज व कुबार्नी की तैयारियों के बीच में पालिका की ओर से की गई व्यवस्थाओं को परखने का काम किया। ईदगाह का निरीक्षण के बीच चेयरमैन ने वहां साफ सफाई, पेयजलापूर्ति समेत अन्य तमाम व्यवस्थाओं को लेकर लोगों से चर्चा की।

बुधवार को शामली रोड़ स्थित ईदगाह परिसर में पहुंची चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप ने जहां एक ओर ईद-उल-अजहा की तैयारियों को परखा, वहीं ईदगाह प्रबंधन से जुड़े लोगों द्वारा उठाई समस्याओं के समय रहते निदान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ईओ हेमराज सिंह को समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश के साथ गुरूवार को ईदगाह समेत नगरीय क्षेत्र में अन्य मस्जिदों में होने वाली ईद की नमाज से पूर्व सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही इन क्षेत्रों में साफ-सफाई के साथ में कली-चूना छिड़कवाने के निर्देश दिए। इसके साथ उन्होंने नगर क्षेत्र में इस दौरान पेयजल आपूर्ति को सुचारू रखने के लिए विशेष रूप से कहा। बुधवार को सड़कों पर उतरी नगर पालिका चेयरमैन ने इस बात पर विशेष बल देते हुए कहा कि कहीं पर भी गन्दगी अथवा पानी की आपूर्ति न होने की शिकायत नहीं आनी चाहिए। इसके साथ उन्होंने ईद-उल-अजहा के मौके पर कुर्बानी में पशुओं के अवशेषों की सफाई के लिए लगाई टीमों को सक्रिय रखने के साथ लोगों से खुले में कुर्बानी नहीं करने की अपील करते हुए स्पष्ट कहा कि शासन के निर्देशों का पालन करते हुए अपने शहर को साफ और स्वच्छ रखने में सहयोग करें। निरीक्षण के दौरान ईओ के अलावा ईदगाह प्रबंधन समिति से जुड़े पदाधिकारी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार, मुख्य सफाई निरीक्षक राजेश कुमार व अन्य गणमान्य नागरिकों के अलावा पालिका अधिकारियों के साथ पूर्व सभासद आशु गुप्ता और क्षेत्रीय सभासद एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## दुर्घटना का आरोपी बस चालक गिरफ्तार



भोपा, 28 जून (बु.)। बीते रविवार को मोरना-ककरौली मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में फरार चल रहे आरोपी बस चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया तथा न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गाँव चौरावाला निवासी रजत कुमार ने बीते 25 जून को तहरीर देकर बताया था कि उसका भाई शुभम व उसके साथी कृष्णपाल निवासी चौरावाला, लक्ष्मीचन्द उर्फ लाखन निवासी भेड़ाहेड़ी थाना भोपा, सागर निवासी मेरठ रविवार की सुबह माता का जागरण कर जानसठ होते हुए छोटा हाथी में सवार होकर चौरावाला लौट रहे थे। जैसे ही वह दौलतपुर मोड़ पर पहुँचे, तभी सामने से आ रही बस यूपी12बीटी 5846 के चालक ने छोटा हाथी में टक्कर मार दी, जिसमें चारों युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये थे, जिसमें शुभम व कृष्णपाल की मौत हो गयी थी। लक्ष्मीचन्द व सागर का उपचार जारी है। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। थानाध्यक्ष सुनील कुमार कसाना ने बताया कि बस चालक प्रदीप निवासी गाँव युसुफपुर थाना भोपा को बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

## 7 लोगों ने किशोर पर धारदार हथियार से बोला हमला

कांधला, 28 जून (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर में दावत खाकर लौट रहे युवक पर धारदार हथियार से हमला करते हुए घायल कर दिया गया। हमले के दौरान युवक की एक आंख जख्मी होकर रोशनी चले जाने से गंभीर हालत में उपचार के लिए दिल्ली एम्स के लिए रैफर किया गया। घटना के संबंध में पीड़ित पिता ने 7 लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत करा दिया है।

ग्राम मलकपुर निवासी 16 वर्षीय शाकिब पुत्र साबिर गांव में दावत खाने के उपरान्त अपने घर आ रहा था। उसी समय रास्ते में शाहनजर, सलीम व सलमान, अनस, शमीर, शाहिल व फरान ने पुत्र शाकिब को नहर की पटरी टावर के पास रोककर हत्या की नियत से धारदार हथियार लेकर हमला कर दिया। उक्त लोगों के हथियारों से साकिब की दायी आंख में गम्भीर चोट आ गई। पीड़ित किशोर द्वारा शोर मचाया गया, तो गांव के अन्य लोग मौके पहुंच गए, जिसके चलते आरोपी हमलावर किशोर की हत्या करने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घायल किशोर को गंभीर हालत में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांधला में भर्ती कराया गया, जहां पर युवक की आंख की रोशनी जाने तथा गंभीर चोटों को देखते हुए उपचार के लिए हायर सेंटर रैफर किया गया। युवक की चिंताजनक हालत के चलते उपचार के लिए दिल्ली एम्स अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार कराया जा रहा है। घटना के सम्बंध में पीड़ित पिता साबिर ने एसपी शामली को शिकायती पत्र देते हुए 7 हमलावर लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी, जिसके चलते स्थानीय पुलिस ने एसपी शामली के आदेश पर हमलावरों के विरुद्ध नामजद अभियोग पंजीकृत करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी समयपाल अत्री का कहना है कि घटना के सम्बंध में अभियोग पंजीकृत करते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

**बेटी की ससुराल गयी महिला के साथ मारपीट**

**भोपा, 28 जून (बु.)। बेटी की ससुराल गयी दलित महिला के साथ बेटी के ससुरालजनों ने मारपीट की है। महिला ने जातिसूचक शब्दों के प्रयोग करने के गम्भीर आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। ककरौली थाना क्षेत्र के गाँव निवादा निवासी महिला बिजेन्द्री ने तहरीर देकर बताया कि बीते सोमवार को वह अपनी पुत्री शशि के पति से बातचीत करने के लिये निकटवर्ती गाँव खोकनी मे गयी थी। जहाँ बेटी के ससुर अरविन्द, सास विमलेश व ननद राधा जोकि जाति से गुर्जर हैं, ने महिला के साथ गाली गलौज करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर मारपीट शुरू कर दी।**

**आरोपियों ने बिजेन्द्री के बाल पकडकर उसे सड़क पर घसीटते हुए जान से मार देने की धमकी दी है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार कसाना ने बताया आरोपियों के खिलाफ मारपीट करने व एससीएसटी एक्ट के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है।**

## टेस्ट रिपोर्ट में पास हुई छपार पुलिस

छपार, 28 जून (बु.)। मंगलवार रात एक व्यक्ति ने थाने पहुंचकर छपार बस स्टैंड से बाइक चोरी होने की सूचना दी। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार पुलिस से लगाई। पुलिस ने बिना देर किए रिपोर्ट दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी। कार्रवाई के दौरान स्थानीय पुलिस को अंदाजा हो गया कि मामले में कुछ संदेह है। पता लगा कि टेस्टिंग हो रही है। सहारनपुर सदर सर्किल के सीओ अभितेश सिंह ने आम आदमी बनकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सीओ ने खुद थाना परिसर में पहुंचकर पुलिस की पीठ थपथपाते हुए इसकी जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक अमरपाल शर्मा ने बताया कि सीओ ने थाना पुलिस की सराहना की है। उधर, सीओ ने बताया कि मंगलवार रात वह अफसरों के आदेश पर छपार थाने की टेस्टिंग रिपोर्ट के लिए आए थे। छपार पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत कार्रवाई की।

## खेत पर गए किसान पर जानलेवा हमला, गंभीर

कांधला, 28 जून (बु.)। जमीनी विवाद के चलते खेत पर काम करने गए किसान पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल किसान ने उपचार कराने के पश्चात पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कस्बे मौहल्ला गुजरान निवासी किसान सरवर अपने खेत पर कार्य करने के लिए गया था। इसी दौरान खेत पर मौजूद पड़ौसी युवक ने जमीनी विवाद के चलते किसान सरवर के साथ अभद्रता करते हुए गाली गलौंच शुरू कर दी। किसान ने दबंग युवक की हरकत का विरोध किया, तो आरोपी युवक ने आपा खोते हुए अपने पास मौजूद धारदार हथियार से हमला करते हुए हत्या का प्रयास किया। जानलेवा हमले के दौरान पीड़ित किसान गंभीर रूप से घायल हो गया और खूंखार दबंग युवक से जान बचाने के लिए शोर-शराबा कर आसपास के लोगों को अपनी मदद के लिए मौके पर बुला लिया, जिसके चलते सिरफिरा युवक ग्रामीणों को आता देखकर मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों के द्वारा घटना की सूचना घायल किसान के परिजनों को दी गई। जिसके चलते घायल किसान के परिजन मौके पर पहुंच गए और घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात डॉक्टर के द्वारा डॉक्टरी परीक्षण करते उपचार किया गया। घायल किसान ने थाने जाकर आरोपी हमलावर युवक के विरुद्ध नामजद तहरीर देते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के मुताबिक आरोपी युवक ने जमीनी विवाद के चलते किसान पर जानलेवा हमला किया था। थाना प्रभारी समयपाल अत्री का कहना है कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### एक सप्ताह पूर्व लापता पवन का नहीं लग सका सुराग

कांधला, 28 जून (बु.)। गांव भारसी निवासी प्रकाश का 27 वर्षीय बेटा पवन 22 जून को अपने घर से टहलने के लिए गया था, लेकिन देर रात तक वापस घर नहीं लौटा, परिजनों ने ग्रामीणों के साथ लापता युवक की तलाश में आसपास क्षेत्र के जंगलों को खंगालते हुए ढूंढने का काफी प्रयास किया, लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं लग सका। घटना के संबंध में परिजनों ने थाने जाकर थाना प्रभारी को गुमशुदगी की तहरीर देते हुए युवक को सकुशल बरामद करने की मांग की थी। पुलिस ने घटना के संबंध में गुमशुदगी दर्ज करते हुए आसपास के थानों को युवक के गुम होने की सूचना दे दी थी। घटना के 7 दिन बीत जाने के पश्चात भी लापता युवक का कोई सुराग नहीं लग सका, जिसे लेकर लापता युवक के परिजन पूरी तरह से चिंतित हैं। परिजनों ने बताया कि युवक की दिमागी हालत ज्यादा ठीक नहीं हैं। युवक अक्सर अपने परिजनों के इर्द-गिर्द ही रहता था।

## बाजारों में फोर्स ने किया पैदल मार्च

कैराना, 28 जून (बु.)। ईद उल अजहा त्यौहार को शांति पूर्वक सम्पन्न कराने व सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मुरादाबाद ट्रेनिंग सेंटर से 25 अंडर ट्रैनिंग उपनिरीक्षक कैराना में ड्यूटी पर तैनात किए गए, जिन्होंने यहां आकर बाजारों में पैदल मार्च किया। बुधवार को को ईद उल अजहा के पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन पुरी तरह से अलर्ट मोड़ पर है। पर्व पर किसी तरह की अशांति ना हो इसी को लेकर पुलिस प्रशासन की खास दिशा निर्देश दिए गए है। इसी कड़ी में बुधवार को मुरादाबाद ट्रेनिंग सेंटर से 25 अंडर ट्रेनिंग उपनिरीक्षक कैराना कोतवाली पहुचे। कोतवाली में आमद दर्ज कराने के बाद सभी उपनिरीक्षक बाजारों और ग्रामीण इलाकों में पैदल मार्च को निकले। ईद पर सुरक्षा को देखते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन ने इनके रात में ठहरने के लिए बाबा बनखंडी महादेव मंदिर में व्यवस्था करायी है।

## ऑटो रिक्शा से लूट करने वाले गिरोह के 3 सदस्य गिरफ्तार

कांधला, 28 जून (बु.)। ऑटो रिक्शा में लिफ्ट देकर लूटपाट की घटना को अंजाम देने के मामले में स्थानीय पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

बता दें कि 20 जून को जनपद मुजफ्फरनगर के गांव जौला निवासी इरफान बड़ौत से कांधला जाने के लिए खड़ा था। उसी समय ऑटो रिक्शा सवार कुछ लोगों ने ग्रामीण को लिफ्ट देकर बैठा लिया था तथा रमाला शुगर मिल के निकट ग्रामीण के साथ मारपीट करते हुए 800 की नकदी व मोबाइल छीनकर मौके से फरार हो गए थे, जिसके चलते पीड़ित ने जनपद शामली की कांधला पुलिस को घटना की जानकारी दी और अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर कार्यवाही को शुरू कर दी थी। बुधवार को थाना प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर बड़ी नहर पटरी मजार के पास ग्राम नाला मे ऑटो रिक्शा सवार बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस पकड़े गए तीनों बदमाशों को थाने ले आई। पुलिस की पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपी बदमाशों ने अपना नाम प्रशान्त पुत्र विनोद कुमार निवासी मौहल्ला दुर्गा कालोनी थाना सिटी जिन्द हरियाणा, मनीष पुत्र रामफल निवासी ग्राम कोतकला थाना नारनौद जिला हिसार हरियाणा, विजय पुत्र कृष्ण चौधरी निवासी विकास नगर भिवानी रोड बाईपास थाना सिटी जिन्द हरियाणा बताया है। जबकि उनका साथी मोहित पुत्र रमेश निवासी मौहल्ला सन्तनगर पटियाला चौकी थाना सिटी जिन्द हरियाणा मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों की निशानदेही पर नोट में प्रयुक्त ऑटो रिक्शा तथा लूटे गए मोबाइल को बरामद कर लिया है तथा आरोपी बदमाशों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

## संस्कार अच्छे मिलेंगे तो बुनियाद होगी मजबूत: प्रवेश बहन



भोपा, 28 जून (बु.)। तीर्थनगरी शुकतीर्थ स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में आंनद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें दूरदराज से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

बीके प्रवेश बहन ने कहा कि संस्कार जन्म से ही अच्छे मिलेंगे तो बुनियाद मजबूत होगी। संस्कार की शुद्धता से ही हम विश्व में परिर्वतन ला सकते हैं। मन की शांति के लिए मौन रखना चाहिए। मौन रखने से मन की बीमारी दूर होती है, इसलिए मनुष्य को चौबीस घंटे में एक घंटा मौन रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि पाश्चात्य संस्कृति के चलते बच्चों में संस्कार की कमी आई है इसलिए हमें अपने बच्चों में संस्कार पैदा करने होंगे। कार्यक्रम में सार्वदेशिक आर्य युवती परिषद की प्रदेश अध्यक्ष प्रीति आर्य ने कहा कि मानव जीवन बड़े त्याग व तपस्या में मिलता है। इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। समारोह में महर्षि दयानंद धाम के स्वामी रामानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि मनुष्य के जीवन में ज्ञान का बहुत बड़ा महत्व है। सुख, शांति, सहनशीलता व मधुरता के बिना जीवन नहीं चल सकता है। संसार से प्यार खत्म होता जा रहा है। लोग स्वार्थ से प्यार कर रहे हैं। जीवन को चलाने में मूल्य व वैल्यू को जागृत करना होगा। इस दौरान हरियाणा से आई छात्राओं ने योग क्रियाओं के माध्यम से योग की महत्ता बताई। कार्यक्रम में आचार्य अमित शास्त्री, भजनोपदेशक राजवीर शास्त्री, कृष्णपाल, सतबीर, सुभाष वालिया, देवेंद्र, उदयवीर सिंह, श्रवण कुमार, श्रीपाल मौजूद रहे।

## एसडी स्पोर्ट्स एकेडमी के दो खिलाड़ियों, भूमिका और दिव्यांश का स्टेट लेवल शूटिंग में हुआ चयन

**नोएडा में आयोजित हुई प्री स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप में किया श्रेष्ठ प्रदर्शन**




मुजफ्फरनगर, 28 जून (बु.)। जानसठ रोड़ स्थित स्पोर्ट्स एकेडमी (एसडी स्पोंटस एकेडमी) के दो छात्र-छात्रा भूमिका कश्यप एवं दिव्यांश का 21वीं प्री स्टेट शूटिंग कम्पीटिशन (एयर वेपन) नोएडा में प्रतिभाग किया, जहां इन दोनों खिलाड़ियों का चयन स्टेट लेवल शूटिंग के लिए हुआ है।

स्पोर्ट्स एकेडमी के प्रबन्धक अनुभव कुमार ने दोनों खिलाड़ियों को सम्मानित किया तथा साथ ही खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्पोर्ट्स एकेडमी के निदेशक डा. सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि शूटिंग के अलावा अन्य विभिन्न खेलों के खिलाड़ी इस स्पोर्ट्स एकेडमी से प्रशिक्षण प्राप्त करने के दौरान कई खेलों में राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान प्राप्त कर रहे हैं, जो कि एसडी स्पोर्ट्स एकेडमी के साथ-साथ जिले के साथ ही एकेडमी प्रबन्धक, प्रशिक्षकों एवं खिलाड़ियों के लिए गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि 17 मई 2023 को 19वीं प्री शूटिंग में भी एसडी स्पोर्ट्स एकेडमी के छात्रों का चयन हो चुका है। शूटिंग एकेडमी के कोच गौरव मलिक नेशनल शूटिंग विनर रहे है, सहदीप मलिक इण्डियन पुलिस गेम्स के मेडलिस्ट हैं। एकेडमी में अन्य खेल तीरंदाजी, टेनिस, कराटे, स्केटिंग, क्रिकेट, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, योगा में खिलाड़ियों को सघन प्रशिक्षण देकर राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए तैयार किया जाता है।

## तारीख गवाह है

### आज का इतिहास

**16 वर्ष पूर्व सचिन तेंदुलकर के वनडे में 15 हजार रन पूरे हुए**



नई दिल्ली, 28 जून (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 29 जून की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1444: सिकंदर बेग ने ऑटोमन साम्राज्य की सेना को हराया। 1613 : शेक्सिपयर का लंदन स्थित ग्लोब थियेटर आग लगने से क्षतिग्रस्त। 1757 : मीर जाफर ने बंगाल, बिहार और ओडिसा के नवाब की गद्दी संभाली। 1855: टेलीग्राफ अखबार का लंदन में प्रकाशन शुरू हुआ। 1864: कनाडा में रेल दुर्घटना में 90 मरे। 1888 : शास्त्रीय संगीत की पहली (ज्ञात) रिकॉर्डिंग की गई। 1905: ब्रिटेन में ऑटोमोबाइल एसोसिएशन की स्थापना हुई। 1913 : यूनान सर्बिया मोंटे नेग्रो, रोमानिया और उस्मानी शासन के साथ बुल्गेरिया का युद्ध शुरू हुआ, जो दूसरे बाल्कन युद्ध के नाम से जाना जाता है। 1931: भारतीय वैज्ञानिक के.पी. अय्यर का जन्म हुआ। 1932 : सोवियत संघ और चीन ने अनाक्रमण संधि पर हस्ताक्षर किए। 1974 : सशेल्स द्वीपसमूह को स्वतंत्रता मिली। 1997 : विश्वनाथन आनंद ने जर्मनी में फ्रैंकफुर्ट चैस क्लासिक टूनार्मेंट जीता। 2004 : पूर्वी एशिया सम्मलेन (जकार्ता) में आसियान को प्रमुख ताकत बनाने पर सहमति। 2005- भारत और अमेरिका में समग्र 10 वर्षीय समझौता। 2007 : सचिन तेंदुलकर ने एक दिवसीय क्रिकेट में 15 हजार रन पूरे किए। 2013 : कैलिफोर्निया ने समलैंगिक विवाह करने पर लगाई गई रोक हटाई।

### सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 28 जून, (बु.)। सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना- 59,900 चांदी-70,000
सिक्का- 800 गिन्नी- 45,000

### आपका आज का राशिफल

**बृहस्पतिवार, 29 जून, 2023**

मेष- परिस्थितियां भाग्य के पक्ष में, किसी पुराने विवाद का समापन, घरेलू वातावरण, मनोविनोद के अवसर प्राप्त, दूर-समीप की यात्रा का प्रसंग, विशिष्टजनों से सम्पर्क।

वृषभ- किसी योजना की शुरुआत, पारिवारिक कठिनाइयों का निवारण, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, मनोबल में वृद्धि, खुशी भी।

मिथुन- सामयिक कार्यों में सफलता, धनागम का सुयोग, राजनीतिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, शारीरिक सुख की अनुभूति, मानसिक राहत, स्वजनों से विचार-विमर्श।

कर्क- कठिनाइयों से चिन्ता, प्रगति में व्यवधान, मित्रों से अनबन, शत्रु हानि पहुँचाने में सफल, पठन-पाठन में अरुचि, व्यवहार में जरा सी लापरवाही नुकसान।

सिंह- सामयिक सिद्धि हेतु प्रयत्नशील, बहुप्रतीक्षित कार्यों में सफलता का सुयोग, पारिवारिक कठिनाइयों का निराकरण, धन संचय अभिरुचि, संत समागम।

कन्या- दिनमान अनुकूल, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, नवयोजना का श्रीगणेश, जिन्दगी में महत्वपूर्ण उपलब्धि, धर्म-अध्यात्म के प्रति आस्था, मानसिक राहत।

तुला- ग्रहयोग स्थिति भाग्य के पक्ष में, साहसिक प्रयास प्रगति पर, कुछेक समस्याएं सुलझने की ओर, आत्मीयजनों से अपेक्षित सहयोग, दूर या समीप की यात्रा।

वृश्चिक- कठिनाइयों से अशांति, निजी इच्छा की पूत में व्यवधान, धन का अभाव, सुपरिचितों से मतभेद, अप्रिय घटना घटित, सुख में कमी।

धनु- समय संतोषजनक, लाभ का मार्ग प्रशस्त, शुभ-भावनाओं का उदय, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

मकर- ग्रहयोग बेहतर, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि, परोपकार की भावना जागृत, धन की प्राप्ति, नौकरी में पदोन्नति, विरोधी परास्त, यात्रा संतोषजनक।

कुम्भ- कार्य-व्यवसाय में विस्तार, स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, सुसमाचार की प्राप्ति।

मीन- दिनचर्या अव्यवस्थित, पठन-पाठन में अरुचि, महत्वपूर्ण उपलब्धि में विलम्ब, जोखिम से नुकसान, वाहन से कष्ट, मुश्किलें, धनहानि।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
उप सम्पादक - श्रीमती पूजा दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2023

**सम्पादक की क़लम से**

# आदिपुरुष पर कोर्ट की टिप्पणी

प्रयागराज उच्च न्यायालय ने आदिपुरुष फिल्म को लेकर इस फिल्म से जुड़े लोगों पर जो टिप्पणियाँ की हैं। वे महत्वपूर्ण और गंभीर हैं। मुंबईया फिल्मकारों के लिए नसीहत हैं। प्रयागराज उच्च न्यायालय ने सेंसर बोर्ड पर भी सवाल खड़े किए हैं। मुंबईया फिल्म उद्योग इस समय कई प्रकार की दुविधाओं और कठिनाइयों का सामना कर रहा है। यह फिल्म उद्योग मनोरंजन से बहुत दूर हो गया है। अब मनोरंजन के स्थान पर तनाव देने वाली फिल्में बना रहा है। काल्पनिक मनोरंजक कहानियों के मामले में मुम्बई फिल्म उद्योग कंगाल हो चुका है। साऊथ की कहानियों को खरीदकर फिल्म बनाना, किसी गुन्डे या बलात्कारी की कहानी पर फिल्म बनाना, किसी नेता की कारगुजारियों पर फिल्म बनाना, यही सब रह गया है मुम्बई फिल्म उद्योग में। अभी जो फिल्में आयी हैं, वे सब इन्हीं फार्मूलों पर बनी हैं। इनके निर्माताओं, निर्देशकों, अनुवाद करके संवाद लिखने वालों का अहंकार सातवें आसमान से भी ऊपर है। कमाल तो यह है कि न कहानी इनकी, न संवाद इनके न संगीत इनका, सब इधर-उधर का और फिर भी सृजनात्मकता के तर्क। क्या चोरी भी सृजनात्मकता कहलाने लगी है? कालाधन, महंगे अभिनेता-अभिनेत्री, अनाड़ी निर्देशक, आँख का अंधा और गांठ का पूरा निर्माता बस हो गयी तनाव देने वाली फिल्म तैयार। एक और बात इनके दिमाग में बैठी हुई है, वह यह कि फिल्म पर विवाद हो तो वह अच्छा पैसा दिलाती है, मगर अब दर्शक इस खेल को समझने लगे हैं और साऊथ की फिल्मों पर बनी हिन्दी डब फिल्मों को देखकर उन्हीं फिल्मों के मुम्बई संस्करण को नकारने लगे हैं। आजकल पंजाबी में विशुद्ध मनोरंजक फिल्में बन रही हैं। ओटीटी प्लेटफार्म पर खूब चल रही हैं, दूसरी तरफ मुम्बई फिल्म उद्योग अपनी नित्कृष्ट शैली से धरातल की ओर जा रहा है। हद यह है कि अब यह धर्म ग्रंथों से भी छेड़छाड़ करने पर उतर आया है। आदिपुरुष, इसका उदाहरण है। आदिपुरुष के पात्रों के परिधान और उनकी वेशभूषा, उनके द्वारा बोले गए संवाद सबकुछ बहुत ही निंदनीय हैं। पूरे देश में इस फिल्म की निन्दा को देखकर इस फिल्म से जुड़े लोग अपने मूर्खतापूर्ण तर्कों को लेकर भी लोगों के निशाने पर आए। लोगों ने सेंसर बोर्ड पर भी सवाल उठाए। अब इस फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग करने वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की गयी है। इससे पहले प्रयागराज हाईकोर्ट ने इस फिल्म पर कड़ी टिप्पणियाँ की हैं। आदिपुरुष, फिल्म को बैन करने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। कोर्ट में याचिका दाखिल कर फिल्म को सेंसर बोर्ड से मिले सर्टिफिकेट को रद्द करने की मांग की गयी है। यह याचिका एक वकील ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि फिल्म में भगवान राम और हनुमान जी सहित धार्मिक पात्रों के मूल चरित्रों से छेड़छाड़ की गई है, जो हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं के विरुद्ध है। याचिका में कहा गया है कि फिल्म में रामायण की मूल रचना से छेड़छाड़ की गई है। इतना ही नहीं उन्होंने अपनी याचिका में कहा है कि फिल्म के डायलॉग गली-मोहल्लों के लड़कों की भाषा की तरह है। ऐसे डायलॉग अपमानजनक हैं। याचिका में कहा गया है कि अगर इस फिल्म पर रोक नहीं लगाई गई, तो इसका लोगों के नैतिक मूल्यों पर बहुत बुरा असर होगा। इस फिल्म को लेकर दायर की गयी याचिका पर प्रयागराज हाईकोर्ट ने कहा है कि धार्मिक ग्रंथों के प्रति लोग संवेदनशील होते हैं, उनके साथ किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं होनी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि लोग घर से निकलने से पहले रामचरितमानस का पाठ आज भी करके निकलते हैं। ऐसे में कुछ चीजों को छूना नहीं चाहिए था। फिल्म के डायलॉग राइटर मनोज मुंतशिर शुक्ला को भी नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने लेखक से एक हफ्ते के अंदर जवाब मांगा है। याचिका में कहा गया है कि फिल्म का टीजर बिना सेंसर बोर्ड के सर्टिफिकेट के रिलीज किया गया। जो कि सिनेमैटोग्राफी एक्ट 1952 के सेक्शन 5ए /5बी का उल्लंघन है। सेंसर बोर्ड ने इसका संज्ञान क्यों नहीं लिया? सेंसर बोर्ड बना किस लिए है? याचिका में अक्टूबर में फिल्म के निर्माता, निर्देशक, कलाकार, केंद्र सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय सहित कुल 14 लोगों को पार्टी बनाया गया था। फिल्म मेकर्स ने टीजर के रिलीज के बाद आम जनमानस के विरोध के बावजूद भी जानबूझकर धार्मिक आस्था का मजाक उड़ाते हुए फिल्म को रिलीज किया। सड़क छाप भाषा का प्रयोग किया गया। फिल्म में श्रीराम कथा को पूरी तरह से बदल दिया गया है। धर्म का मजाक बनाया गया है। कॉस्ट्यूम से लेकर डायलॉग तक और कहानी का कंटेंट सभी कुछ आपत्तिजनक है, सनातन आस्था का जान-बूझकर अपमान किया जा रहा है। हमारे आराध्य सहित करोड़ों भक्तों और उनकी आस्था व भारतीय संस्कृति का अपमान है। हमारे इतिहास का मजाक बनाया जा रहा है। आने वाली पीढ़ियों को धर्म से भटकाने का मसाला तैयार किया जा रहा है। फिल्म से न सिर्फ टपोरी स्टाइल वाले आपत्तिजनक संवाद को हटाया जाए, बल्कि आपत्तिजनक कंटेंट, दृश्य, कॉस्ट्यूम इत्यादि को भी तत्काल हटाया जाए। सेंसर बोर्ड को फिल्म को प्रमाणपत्र न देने के लिए आदेश दिया जाए, जिससे फिल्म पब्लिक प्लेटफॉर्म्स या सोशल मीडिया में सर्कुलेट होने से रोका जा सके। फिल्मी पर पूरी तरह से रोक लगाई जाए। सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सेंसर बोर्ड और फिल्म के निर्माता-निर्देशक को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा, रामायण-कुरआन, गुरू ग्रन्थ साहिब और गीता जैसे पवित्र ग्रंथों को तो बख्श दीजिए। बाकी जो करते हैं, वो तो कर ही रहे हैं। कोर्ट ने पूछा क्या करता रहता है सेंसर बोर्ड सिनेमा समाज का दर्पण होता है। आने वाली पीढ़ियों को क्या सिखाना चाहते हो? क्या सेंसर बोर्ड अपनी जिम्मेदारियों को नहीं समझता है? कोर्ट ने महत्वपूर्ण प्रश्न किया कि हर बार हिंदुओं ही की सहनशीलता की परीक्षा क्यों? हाईकोर्ट ने आगे कहा, जो सज्जन हैं, उन्हें दबा देना सही है क्या? यह तो अच्छा है कि यह एक ऐसे धर्म के बारे में है, जिसके मानने वालों ने कोई पब्लिक ऑर्डर प्रॉब्लम क्रिएट नहीं की।हमें उनका आभारी होना चाहिए, यह टिप्पणी बहुत महत्वपूर्ण है।याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस राजेश सिंह चौहान और श्रीप्रकाश सिंह की बेंच ने कहा भगवान हनुमान और सीता मां को ऐसा दिखा कर समाज में क्या संदेश देना चाहते हैं?

### चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"आदमी" "टैंशन" "जिन्दगी" "नाटक"

आदमी चारों तरफ से टैंशन में घिर गया,
बदमिजाजी जिन्दगी का एक हिस्सा बन गयी।
आज ओटीटी पे नाटक देखकर लगने लगा,
बेहयाई जिन्दगी का एक हिस्सा बन गयी।

# किसानों को जबरन दिया जा रहा नैनो यूरिया, किसान बेहाल

## -अधिकारी जिम्मेदारी से भाग रहे दूर, नहीं बता रहे कारण

**मुजफ्फरनगर, 28 जून (बु.)।** योगी सरकार के द्वारा दिए जा रहा नैनो यूरिया अभी किसानों को नहीं भा रहा है। ऐसे में अभी किसान इस तरल नैनो यूरिया को लेने के पक्ष में नहीं है। फिर भी तमाम समितियों से दानेदार यूरिया के साथ नैनो यूरिया किसानों को थोपा जा रहा है, जिसे लेकर जिले के किसान खफा है। सूत्रों की माने तो नैनो यूरिया को लेकर कृषि विभाग शासन स्तर से दिए लक्ष्य को पूरा करने में लगा हुआ है, जिस कारण किसानों को ऐसे में जबरन नैनो यूरिया की बोतल दी जा रही है। जनपद में दानेदार यूरिया की किल्लत होती जा रही है, ऐसे में नैनो यूरिया को अधिक बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्तमान में शासन स्तर से करीब 5000 टन दानेदार यूरिया आया था। वहीं दूसरी ओर प्राइवेट में 2000 टन के करीब यूरिया अलग से आया था। ऐसे में करीब 7 दिनों में उक्त 7 हजार टन यूरिया की खपत हो चुकी है। अब इन किसानों को दानेदार यूरिया के बैग नहीं मिल पा रहे है। दानेदार यूरिया की किल्लत बढ़नी शुरू हो चुकी है। उधर, कृषि विभाग द्वारा जबरन किसानों को नैनो यूरिया दिया जा रहा है। शासन स्तर से जनपद को करीब 59 हजार 119 बोतल नैनो यूरिया वितरण करने का लक्ष्य दिया गया है। प्रत्येक बोतल में करीब 500 एमएल यूरिया है, जिसकी कीमत करीब 225 रुपए है। ऐसे में जब इन समितियों पर किसान दानेदार यूरिया लेने जा रहा है, तो उसे वहां पर नैनो यूरिया दिया जा रहा है। किसान नैनो यूरिया लेना पसंद नहीं कर रहा है, लेकिन कृषि विभाग नैनो यूरिया के वितरण लक्ष्य को पूरा करने में लगा हुआ है। जिले में अब तक करीब 19 हजार 644 लीटर नैनो यूरिया आया है। जिसके सापेक्ष करीब 17 हजार 480 नैनो यूरिया का वितरण किया जा चुका है। उधर, विभाग के अधिकारी व कर्मचारी नैनो यूरिया के फायदों के संबंध में किसानों को जानकारी दे रहे है और नैनो यूरिया का अधिक प्रयोग करने का अनुरोध कर रहे है। नैनो यूरिया का फसल पर स्प्रे किया जाता है, जो सीधे फसल को प्राप्त होता है। इस संबंध में कृषि अधिकारी को फोन करने के प्रयास किए गए, लेकिन उनके द्वारा फोन रिसिव ही नहीं किया गया।

## 10 राज्यसभा सीटों पर 24 जुलाई को होगा मतदान

**नयी दिल्ली 28 जून (वार्ता)।** निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को तीन राज्यों पश्चिम बंगाल, गोवा, गुजरात की 10 राज्यसभा सीटों पर 24 जुलाई को चुनाव कराये जाने की घोषणा की हैं। आयोग से आज मिली जानकारी में बताया कि पश्चिम बंगाल की छह, गुजरात की तीन और गोवा की एक सीट पर 24 जुलाई को मतदान होगा। चुनाव के लिए छह जुलाई को अधिसूचना जारी होगी। नामांकन की अंतिम तिथि 13 जुलाई है तथा मतपत्रों की जांच 14 जुलाई को होगी और 17 जुलाई को नाम वापस लिये जा सकेंगे। मतदान 24 जुलाई को होगा। उन्होंने बताया कि इसी दिन शाम पांच बजे से मतों की गिनती शुरू होगी। पश्चिम बंगाल में डोला सेन, डेरेक ओब्रायन, प्रदीप भट्टाचार्य, सुष्मिता देव, सुखेंदु शेखर रे और शांता छेत्री का कार्यकाल 18 अगस्त को खत्म हो जाएगा। इसके अलावा गुजरात में विदेश मंत्री एस जयशंकर, दिनेश जेमलभाई अनावडीया और लोखंडवाला जुगल ड्क्सह माथुरजी का कार्यकाल भी 18 अगस्त को समाप्त हो रहा है तथा 28 जुलाई को गोवा में विनय तेंदुलकर का कार्यकाल समाप्त होने जा रहा है। निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल की एक सीट पर उपचुनाव के लिए भी इसी कार्यक्रम की घोषणा की।





# जनपद में 3 परीक्षा केंद्रों पर शुरू हुई पॉलीटेक्निक की परीक्षा

**मुजफ्फरनगर, 28 जून (बु.)।** मुजफ्फरनगर जिले के तीन परीक्षा केंद्रों पर बुधवार से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में पॉलीटेक्निक की परीक्षाएं प्रारंभ हो गई। इस बीच इन तीनों परीक्षा केंद्रों पर दोनो पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। डीआईओएस गजेन्द्र कुमार ने बताया कि पॉलीटेक्निक की उक्त परीक्षा बुधवार 28 जून से शुरू होकर आगामी माह की 20 जुलाई तक संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि बुधवार को प्रारंभ हुई पॉलीटेक्निक की परीक्षा के बीच में सचल दलों के द्वारा तीनों केंद्रों का निरीक्षण किया। बुधवार को शुरू हुई पॉलीटेक्निक परीक्षा में प्रथम पाली में गांधी पॉलीटेक्निक भोपा रोड, राजकीय इंटर कॉलेज और दूसरी पाली में टीम के साथ राजकीय पॉलीटेक्निक जटवाडा जानसठ का निरीक्षण किया। बुधवार को जनपद के तीन परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न पॉलीटेक्निक परीक्षा में राजकीय इंटर कॉलेज में जहां प्रथम पाली में कुल पंजीकृत 95 परीक्षार्थियों में सभी ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। वहीं दूसरी ओर भोपा रोड के गांधी पॉलीटेक्निक में पंजीकृत 426 परीक्षार्थियों में से दो परीक्षा से गैरहाजिर रहे। वहीं राजकीय पॉलीटेक्निक जटवाड़ा में कुल पंजीकृत 221 परीक्षार्थियों में से 6 ने परीक्षा को किन्हीं कारणों से छोड़ दिया। इसके अलावा दूसरी पाली में राजकीय इंटर कॉलेज में जहां दूसरी पाली में कुल पंजीकृत 326 परीक्षार्थियों में से 15 ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं दूसरी ओर गांधी पॉलीटेक्निक में पंजीकृत 1087 परीक्षार्थियों में से 112 ने परीक्षा से किनारा कर लिया। वहीं जनपद में तीसरे परीक्षा केंद्र के रूप में राजकीय पॉलीटेक्निक जटवाड़ा में कुल पंजीकृत 470 परीक्षार्थियों में 409 ही परीक्षा में दूसरी पाली में शामिल हुए। इस बीच परीक्षा केन्द्र पर 61 परीक्षार्थियों ने परीक्षा को किन्हीं कारणों से छोड़ दिया।

## गन्ने के समर्थन मूल्य में 10 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली 28 जून (वार्ता)।** सरकार ने गन्ने के समर्थन मूल्य में दस रुपए प्रति क्विंटल की बढोतरी कर गन्ना किसानों को कुछ राहत दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी। अब गन्ने का समर्थन मूल्य बढकर 315 रुपए हो जायेगा। नया समर्थन मूल्य वर्ष 2023-24 के लिए घोषित किया गया है। मूल्य बढोतरी से पांच करोड़ गन्ना किसानों तथा चीनी मिलों और संबंधित गतिविधियों में लिप्त पांच लाख लोगों को फायदा मिलेगा। सरकार का कहना है कि वह किसानों की हालत सुधाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसलिए निरंतर इस दिशा में कदम उठा रही है।

## उप्र टाउनशिप नीति-2023 को मिली मंजूरी

**लखनऊ 28 जून (वार्ता)।** योगी सरकार ने बुधवार को उत्तर प्रदेश टाउनशिप नीति, 2023 को लागू किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने पत्रकारों को बताया कि उत्तर प्रदेश टाउनशिप नीति, 2023 लागू होने से निजी निवेश को बढ़ावा मिलेगा। जन-सामान्य के लिए उचित मूल्य पर आर्थिक, सामाजिक, एवं पर्यावरणीय दृष्टि से बेहतर गुणवत्ता वाली नागरिक सुविधाओं से युक्त अत्याधुनिक टाउनशिप की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होने बताश कि प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में गुणवत्ता पूर्ण नागरिक सुविधाओं से युक्त आधुनिक टाउनशिप के विकास से जन सामान्य को बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी। नगरों के सुनियोजित विकास को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही निजी क्षेत्र में रोजगार सृजन में बढ़ोत्तरी होगी। वित्त मंत्री ने बताया कि योगी सरकार लगातार अर्बनाइजेशन को बढ़ावा दे रही है। इसी कड़ी में यह निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत डेवलपर और डेवलपमेंट अथॉरिटी दोनों की जिम्मेदारी तय की गई है। यदि डेवलपर नियमों की अवहेलना करेंगे तो उन पर पेनाल्टी और संपत्ति का जब्तीकरण किया जा सकेगा। इसमें 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस एवं 10 प्रतिशत एलआईजी का भी प्राविधान होगा। निर्धारित भूमि की अनिवार्यता को 25 एकड़ से घटाकर सवा 12 एकड़ तक कर दिया गया है

## यूपी में एक जुलाई से एक नल एक पेड़ अभियान

**लखनऊ, 28 जून (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार राज्य में एक जुलाई से एक नल एक पेड़ अभियान शुरू करने जा रही है जिसके तहत सात जुलाई तक लाखों की संख्या में पौधरोपण किया जाएगा वहीं हर घर जल योजना के तहत राज्य सरकार ग्रामीणों को नल कनेक्शन देने के साथ ग्रामीणों को एक पौधा उपहार स्वरूप देगी। इन पौधों को नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अधिकारी, कर्मचारी नल कनेक्शन प्रदान किए जाने वाले घर के बाहर, ओवरहैड टैंक के प्रांगण में, पंप हाउस और वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट परिसर में रोपेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल के कनेक्शन के साथ हरियाली के इस अनूठे अभियान की शुरूआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर की जा रही है। सात दिनों में प्रदेश में पांच लाख से अधिक पौधे रोपे जाएंगे। इस अभियान के दौरान नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की सभी इकाइयां, अधिकारी, कर्मचारी शामिल होंगे। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने विभागीय अधिकारियों को एक से सात जुलाई के मध्य वृहद स्तर पर पौधरोपण के निर्देश जारी किये हैं। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश हर घर जल योजना के तहत ग्रामीणों को सबसे अधिक नल कनेक्शन प्रदान करने वाला राज्य बनने के साथ ही प्रतिदिन 40 से 42 हजार से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन भी प्रदान कर रहा है। जिला, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर जल समितियां और संस्थाओं को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई हैं।

# कृषि अधिकारियों ने मारे छापे, क्षेत्र में जब्त किए 18 नमूने

## -आठ दुकानदारों को दुकान बंद करने पर भेजे नोटिस

**मुजफ्फरनगर, 28 जून (बु.)।** शासन के निर्देश पर कृषि विभाग के अधिकारियों ने बुधवार को कीटनाशक दवाई के नमूने लेने के लिए पेस्टीसाइड दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान कृषि विभाग की छापेमारी से क्षेत्र में हडकम्प मचा रहा। अधिकारियों ने करीब 8 दुकानदार छापेमारी के बीच अपनी दुकानें बंद कर वहां से गायब हो गए। विभागीय अधिकारियों ने छापेमारी करते हुए कीटनाशक दवाई के करीब 18 नमूने जब्त किए, जिन्हें जांच के लिए लैब में भेजा गया। वहीं दुकान बंद कर भागे दुकानदारों को चेतावनी नोटिस जारी किया। जनपद में नकली कीटनाशक दवाई को लेकर आ रही तमाम शिकायतों और किसान दिवस में नकली कीटनाशक और खाद को लेकर लगाए आरोपों के बीच क़ृषि विभाग नींद से जागा और जिले में चलाए अभियान के बीच बुधवार को कृषि विभाग के तीन अधिकारियों द्वारा जिले में अलग अलग क्षेत्रों में पेस्टीसाइड की दुकानों पर छापेमारी की। कृषि अधिकारी जसवीर सिंह ने इस बीच खतौली क्षेत्र में छापेमारी करते हुए कीटनाशक दवाई के 5 नमूने लिए गए है।







वहीं जिला कृषि रक्षा अधिकारी यतेन्द्र कुमार ने टीम के साथ कई दुकानों पर छापेमारी करते हुए कीटनाशक दवाई के करीब 10 नमूने लिए। विभागीय अधिकारी आनंदवीर सिंह ने इस बीच तीन नमूने लिए। तीनों कृषि अधिकारियों द्वारा इस बीच कीटनाशक दवाई के कुल 18 नमूने लेकर जांच को भेजे गए। अधिकारियों द्वारा की गई उक्त छापेमारी के दौरान दुकान बंद कर भागे करीब 8 दुकानदानों को चेतावनी नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने स्पष्टीकरण न देने की स्थिति में कार्रवाई के संकेत दिए।

# यूपी रोडवेज इंप्लाइज यूनियन की बैठक में संगठन की मजबूती पर मंथन

**मुजफ्फरनगर, 28 जून (बु.)।** बुधवार को मुजफ्फरनगर रोडवेज डिपो में उत्तर प्रदेश रोडवेज इंप्लाइज यूनियन शाखा मुजफ्फरनगर की ट्रैफिक एवं कार्यशाला की इकाई का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य रूप से संगठन के प्रांतीय संगठन मंत्री राजकुमार तोमर समेत क्षेत्रीय मंत्री के अलावा जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। यूपी रोडवेज इंप्लाइज यूनियन शाखा मुजफ्फरनगर की बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय संगठन मंत्री राजकुमार तोमर द्वारा पदाधिकारियों को माह में एक बैठक करते हुए कर्मचारियों की समस्याएं एकत्रित करते हुए प्रबंध तंत्र से मिलकर निराकरण कराने के स्पष्ट निर्देश दिए। अधिकांश वक्ताओं ने आह्वान किया कि जिला स्तर पर समय-समय पर संगठन को कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के निदान के साथ एकजुट होकर अपने कार्य को करने तथा संगठन में आस्था रखते हुए संगठन को आगे बढ़ाने



की अपील की। बैठक में ट्रैफिक शाखा के शाखा अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, मंत्री मोहित कुमार तथा कार्यशाला के शाखा अध्यक्ष कुसुम पाल, मंत्री राम बाबू के अलावा सुशील कुमार, याकूब अली, निशांत राठी, टिंकू पाल, सचिन कुमार, अशोक शर्मा, सुनील शर्मा, सुधीर यादव, विवेक कुमार, मौ. इस्लाम, प्रशांत कुमार, विजय कुमार, सुरेंद्र त्यागी एवं अनुज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# भाकियू कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार दफ्तर को घेरा

## -भाकियू कार्यकर्ताओं ने की नायब तहसीलदार से वार्ता

**जानसठ, 28 जून (बु.)।** भाकियू कार्यकर्ताओं ने किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर तहसीलदार कार्यालय का घेराव किया। तहसीलदार संजय सिंह की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार जसमेंदर सिंह से कार्यकर्ताओं ने वार्ता करके उनको एक ज्ञापन भी सौंपा। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा किसानों की विभिन्न समस्याओं की मांग को लेकर तहसील मुख्यालय पहुंचे। भाकियू कार्यकर्ताओं ने किसानों की जमीन संबंधी मामलों में कोई कार्यवाही नहीं होने से नाराज होकर तहसीलदार कार्यालय का घेराव किया। तहसीलदार संजय सिंह छुट्टी पर होने के कारण वे कार्यकर्ताओं नहीं मिल सके। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार जसमेंदर सिंह से जिलाध्यक्ष ने वार्ता की और समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने शीघ्र ही समस्याओं का समाधान नहीं होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी भी दी। इस दौरान भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह, महासचिव सुभाष काकरान, ओमप्रकाश शर्मा, धर्मबीर राठी, खालिद, सेंसरपाल सिंह, बिट्टू ठाकुर, राजेंद्र बालियान, टीटू बालिया सहित काफी संख्या में पदाधिकारी और किसान मौजूद रहे।



# सीआरपीएफ जवान का सिर फोड़ा

**बुढ़ाना, 28 जून (बु.)।** अपने घर छुट्टी पर आए सीआरपीएफ के एक जवान का दबंगों ने उस समय सिर फोड़ दिया, जब वह दबंगों से अपने भाई को बचा रहा था, जिसकी तहरीर पुलिस को दी गई है। स्थानीय पुलिस ने उक्त मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना बीती मंगलवार की देर रात की है। मिली जानकारी के अनुसार कस्बा बुढ़ाना के केनरा बैंक रोड पर एक युवक अमूल सागर अपने ही मौहल्ले में किसी को कुछ सामान देने के लिए जा रहा था, तब मौहल्ले के ही दबंग युवकों विकास आदि ने शराब के नशे में चूर होकर युवक अमूल सागर से बिना वजह झगड़ा करने के उद्देश्य से उसे लाठी डंडों से पीट दिया। उधर अपने घर छुट्टी पर आए हुए सीआरपीएफ के जवान ने जब अपने भाई अमूल सागर पर हमला होते देखा, तो वह अपने भाई को बचाने के उद्देश्य से बीच में घुस गया, लेकिन आरोपियों ने उस पर भी हमला करते हुए उसका सिर फोड़ दिया और मौके से फरार हो गए। दोनों भाई घायल अवस्था में कोतवाली पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी, तो पुलिस ने दोनों घायलों का मेडिकल कराकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है। दूसरी ओर बाद में भी खुले घूम रहे आरोपियों ने पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। इसकी सूचना भी बुढ़ाना पुलिस को दी गई है।






# कुर्बानी के बाद अवशेष दबवाने को गड्ढे खुदवाए



**मीरापुर, 28 जून (बु.)।** मीरापुर पुलिस ने ईद उल अजहा के दिन पशुओं की कुर्बानी के बाद उनके अवशेष को खुले में न डालने की अपील करते हुए सभी ग्राम पंचायतों में अवशेष डालने के लिए गड्ढे खुदवा दिए हैं। इंस्पेक्टर रवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि ईद उल अजहा के दिन अकीकतमंद नमाज के बाद पशुओं की कुर्बानी की रस्म पूरा करेंगे। कुछ लोग पशुओं के अवशेष को खुले में डाल देते हैं तथा बाद में आवारा कुत्ते अवशेष को खींचकर ले जाते हैं, जिनसे कई बार विवाद भी बढ़ जाता है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस ने थानाक्षेत्र के गांव कैथोडा, रसूलपुर, सिकरेडा, सिकंदरपुर, संभलहेड़ा, चुडियाला, कुतुबपुर, भूम्मा, खेडी, तुल्हेड़ी आदि गांवों के ग्राम प्रधानों व सचिवों को साथ लेकर गांव के बाहर गड्ढे खुदवाकर ग्रामीणों से अवशेष को गड्ढे में डालने की अपील की है।

# दस दिवसीय समर कैंप का विभिन्न प्रस्तुति के बीच समापन

## -डीएवी इंटर कॉलेज में 20 जून से चल रही थी कार्यशाला

**मुजफ्फरनगर, 28 जून (बु.)।** डीएवी इंटर कॉलेज में बुधवार को समर कैंप के समापन अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न तरह की कलाकृतियों का प्रदर्शन किया। इस दौरान जहां प्रतिभागियों द्वारा चित्रकला, हस्त शिल्प और वेस्ट टू बेस्ट में पुरानी वस्तुओं से बनी उपयोगी वस्तुएं आकर्षण का केंद्र रही, वहीं इन छात्र-छात्राओं ने गीत, संगीत, नृत्य, मेंहदी और खेलकूद आदि का प्रदर्शन करते हुए वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम समापन अवसर पर डीएवी इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने अपनी रुचि के अनुरूप बहुत कुछ सीखा, इसमें विद्यालय के सभी अध्यापकों द्वारा विभिन्न प्रकार की कलाओं का प्रशिक्षण दिया गया। बुधवार को आर्य समाज रोड़ स्थित डीएवी इंटर कॉलेज में संपन्न हुए समर कैम्प के समापन में योग की महत्ता पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की गई, जिसमें मुख्य रूप से इकरा सैफी, तेजस तथा अन्य छात्रों ने विशेष भूमिका निभाई। इस समर कैंप के समापन कार्य को सफल बनाने में चित्रकला के प्रवक्ता प्रवीण कुमार सैनी, इंग्लिश प्रवक्ता अब्दुल सत्तार, चंद्रिका प्रसाद, मोहिब हसन, मुकेश त्यागी आदि ने कार्यशाला को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया। दौरान मुख्य रूप से स्वीटी महली, पुलकित जैन, उज्ज्वल वर्मा, शिवम, गुलशान, संदेश, खुशी, तेजस, वंश सैनी, लक्ष्य सैनी, आदित्य, वंशिका आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार शर्मा ने इस कार्यशाला को छात्र-छात्राओं के जीवन के लिए महत्वपूर्ण बताया। यह कार्यशाला 20 जून से 27 जून तक नियमित रूप से चली थी, जिसका बुधवार को समापन हो गया। कार्यशाला में नियमित रूप से नई-नई एवं शिक्षाप्रद जानकारी दी गई।

# सीएचसी पर हुआ सास-बेटा-बहू सम्मेलन का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 28 जून (बु.)।** हम लें यह संकल्प, परिवार नियोजन को बनाएंगे खुशियों का विकल्प थीम पर बुधवार को बघरा सीएचसी पर सास-बेटा-बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें दंपति को परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थाई साधन के प्रयोग के फायदे बताए गए। परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी को मजबूत बनाने के उद्देश्य से सास-बेटा-बहू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व परिवार नियोजन की नोडल अधिकारी डॉ. दिव्या वर्मा ने बताया स्वास्थ्य विभाग ने एक बार फिर से सास-बेटा-बहू सम्मेलन के माध्यम से परिवार नियोजन की पहल की है। यह सम्मेलन 27 जून से 10 जुलाई के मध्य स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक सम्मेलन में आठ से दस परिवारों से सास-बहू और बेटा को प्रतिभाग कराया जा रहा है। सम्मेलन के दौरान गुब्बारा प्रतियोगिता के माध्यम से दंपति को परिवार नियोजन के बारे में जानकारी दी जा रही है और उन्हें परिवार नियोजन की अहमियत बताई जा रही है। बीते एक वर्ष की अवधि के दौरान



नवविवाहित दंपति को शगुन किट भेंट की जाएगी। सम्मेलन के आयोजन पर संबंधित आशा कार्यकर्ता को 100 रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में दिए जाएंगे। डॉ. दिव्यांक दत्त जिला परिवार कल्याण एवं लॉजिस्टिक्स प्रबंधक द्वारा संचालन किया गया। साथ ही आशा व ए.एन.एम को समुदाय में योग्य दंपति की सूची बना कर उन्हें परिवार नियोजन सेवाओं का लाभ दिलाया जायेगा।

## एसडीएम ने की राशन डीलरों के साथ मीटिंग

**बुढ़ाना, 28 जून (बु.)।** बुधवार को एसडीएम अरुण कुमार ने तहसील परिसर में स्थित बार एसोसिएशन के सभागार में तहसील क्षेत्र के सभी राशन डीलरों के साथ मीटिंग की, जिसमें क्षेत्र के गांव काकड़ा से लेकर बागपत बार्डर तक बुढ़ाना मार्ग पर पड़ने वाले सब गांवों के सभी राशन डीलर शामिल हुए। उन्होंने मीटिंग में समस्त राशन डीलरों को बताया कि जुलाई माह में जो कांवड़ यात्रा उक्त मार्ग से प्रारंभ होने वाली है और जो भी श्रद्धालु कांवड़ ला रहे हैं, उन श्रद्धालुओं को पूरे मार्ग पर किसी तरह की कोई असुविधा न हो उसके प्रति राशन डीलरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि सब डीलर कांवड़ यात्रा में पूरा सहयोग करें। कांवड़ यात्रा पूर्ण तरीके से प्लास्टिक फ्री रहेगी, जिसमें कोई भी रेस्टोरेंट संचालक प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करेगा। रुट पर जगह जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। विद्युत संबंधी किसी भी घटना से बचने के लिए अपनी ओर से भी सुरक्षा का इंतजाम करें। साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए और कोई भी आपात स्थिति में घटना होती है तो तुरंत उनको अवगत कराया जाए।

## बैनामा खोया - सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम हरबीर सिंह पुत्र कलीराम, निवासी नाईपुरा, मजरा ढांसरी, तहसील जानसठ, थाना-जानसठ, जिला-मुजफ्फरनगर उ.प्र. है। मेरा बैनामा जिसकी बही नं. 1, जिल्द नं. 2530, पृष्ठ संख्या 127 से 148, क्रमांक नं 14155, दिनांक 15-11-2008, उक्त प्लॉट संतोष देवी पत्नी मोहन कुमार ने, चन्द्रशेखर उर्फ राजकुमार पुत्र टीकम सिंह से दिनांक 25-11-2011 में खरीदा था । वास्तव में कहीं खो गया है। किसी को मिले तो नीचे लिखे पते पर 10 दिवस में सम्पर्क करें।

**राजन सिंघल एडवोकेट**
कुंवर विनोद सिंह मार्किट, स्वागत होटल, महावीर चौक, मुजफ्फरनगर। 9412807300

# शादी के बंधन में बंधा, वायरल जोड़ा

## -4 दिन पहले प्रेमी युगल में मारपीट की वीडियो हुई थी वायरल

**जानसठ, 28 जून (बु.)।** 4 दिन पहले वायरल वीडियो में मारपीट करते युवक युवती मंगलवार की रात शादी के बंधन में बंध गए। वीडियो वायरल होने से पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था, लेकिन युवती ने युवक के खिलाफ कार्रवाई के लिए मना कर दिया था। 4 दिन पहले एक युवक की एक युवती के साथ मारपीट करते हुए वीडियो वायरल हो गई थी, जिसके चलते पुलिस ने संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज करते हुए युवक को हिरासत में ले लिया था, लेकिन युवती ने अपने बयान में युवक के साथ किसी भी कार्यवाही का विरोध कर दिया था, जिसके चलते यूपी के परिजन उससे नाराज हो गए। युवती ने बताया युवा युवक से प्रेम करती है और उससे शादी करना चाहती है। दोनों की जिद के चलते युवक के परिजन शादी के लिए तैयार हो गए और देर रात दोनों के फेरे करवाकर शादी पूर्ण की गई। दोनों की शादी कस्बे में चर्चा का विषय बनी हुई है, जब भी युवक के परिजन शादी के उपरांत दुल्हन को खुशी खुशी अपने घर ले गए।



# एक देश और एक कानून को लागू करेंगे: भूपेन्द्र चौधरी

**▶ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने चेताया-2024 में परिवर्तन की यात्रा में भाजपा का साथ छोड़ा तो बिलों से बाहर आ जायेंगे दंगाई और गुंडे ▶ भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने संजीव बालियान के लोकसभा क्षेत्र में 213 करोड़ की 28 विकास योजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास**





**चरथावल, 28 जून (बु.)।** केन्द्रीय मंत्री और स्थानीय सांसद डॉ. संजीव बालियान द्वारा 213 करोड़ रुपये की 28 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के लिए आयोजित की गई जनसभा में आगामी लोकसभा चुनाव का मुद्दा ही छाया रहा। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी तो यहां तक बोल गये कि यदि 2024 में देश की जनता ने परिवर्तन की इस यात्रा में भाजपा का साथ नहीं दिया तो दंगाईयों और गुण्डों का राज फिर से कायम हो जायेगा। उन्होंने कहा कि अधिकांश पार्टियां परिवारवाद को बढ़ावा दे रही हैं, जबकि अकेली भाजपा है, जो 140 करोड़ लोगों के जीवन स्तर को उठाने की लड़ाई लड़ रही है। इसलिए अब देश में समान नागरिक संहिता लागू करने की तैयारी है। एक देश और एक कानून सबके लिए जरूरी है।

चरथावल के रामलीला मैदान में आयोजित जनसभा में मौसम खराब होने के बावजूद बड़ी संख्या में भाजपा समर्थकों ने एकजुट होकर आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में ही रहने के संकल्प को दोहराया। जनसभा में मौजूद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान और राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल के साथ 213 करोड़ रुपये की 28 विकास परियोजनाओं का बटन दबाकर लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें 52 करोड़ रुपये की लागत से केन्द्रीय मार्ग निधि के अन्तर्गत स्वीकृत चरथावल थानाभवन मार्ग के निर्माण एवं चौड़ीकरण का कार्य भी शामिल है। इस सड़क के चौड़ीकरण की मांग लम्बे समय से उठ रही थी। मुजफ्फरनगर-चरथावल-थानाभवन मार्ग 11 मीटर चौड़ा बनेगा। चरथावल-थानाभवन मार्ग का निर्माण होने से 20 से अधिक गांव के लाखों लोगों का आवागमन सुलभ हो जायेगा।



जनसभा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा ने चुनाव से पहले जो वायदे किये थे, उनमें से अधिकांश को पूरा करके दिखाया है। भाजपा -ूठे वादे नहीं करती है। कश्मीर से धारा 370 हटाई और अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनाकर दिखाया है। अब समान नागरिक संहिता लागू कर एक देश और एक कानून की व्यवस्था हमारी प्राथमिकता में है। एक देश में अब दो कानून नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश दुनिया भर में बड़ी ताकत के रूप में उभरा है। बड़े-बड़े राष्ट्राध्यक्ष मोदी को गले लगा रहे हैं, उनका अभिनंदन हो रहा और भारत गौरवान्वित हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश में एक बार फिर से लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने जा रहा है। मोदी के खिलाफ मुद्दाविहीन विपक्ष एकजुट होने का ड्रामा कर रहा है। देश और प्रदेश में परिवर्तन हुआ है, जिसे आप लोग भी महसूस कर रहे हैं। प्रदेश में माफियाओं और दंगाईयों का तेजी से सफाया हो रहा है। भाजपा ठौंकने में विश्वास रखती है, जिसका नतीजा है कि यूपी में कानून व्यवस्था अब देश के अन्य राज्यों के लिए मिसाल बन रही है। ऐसे में लोगों को सजग रहना होगा, क्योंकि चुनाव में विपक्ष जाति, धर्म के नाम पर मतदाताओं को बांटने की कोशिश करेगा। यदि चुनाव में भाजपा कमजोर होकर उभरी तो देश भ्रष्टाचारियों के हाथ में चला जाएगा। गुंडाराज हावी होगा और वही दौर लौट आयेगा। सपा, बसपा और रालोद के पास गिनाने के लिए कोई काम नहीं है। उन्होंने कहा कि तमाम विकास योजनाओं में किसी तरह का भेदभाव नहीं है, हर किसी को उसका लाभ दिया जा रहा है। सपा राज में बिजली पहले कुछ ही खास जिलों को मिलती थी, लेकिन योगीराज में यह व्यवस्था है कि शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे बिजली आपूर्ति हो रही है। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने जनसभा में कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी और यूपी में सीएम योगी आदित्यनाथ की डबल इंजन की सरकार विकास की गंगा बहा रही है। नौ वर्ष के कार्यकाल में 60 साल से ज्यादा काम करके दिखाया है। यह परिवर्तन जनता महसूस कर रही है। इस परिवर्तन को निरंतरता देने के लिए इस डबल इंजन की सरकार को आगे ले जाने की आवश्यकता है। अभी बैठना नहीं है, देश और प्रदेश को आगे बढ़ाने का जो प्रण मोदी-योगी ने लिया है, उसे फिर से आगे बढ़ाने की जरूरत है। सड़कों की गुणवत्ता से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पार्टी की साख को, सरकार की छवि को धूमिल नहीं होने दिया जायेगा। जनता का धन है, जनता के लिए ही खर्च होगा, विकास योजनाओं की पूर्ति में धन की कोई कमी नहीं होने दी जायेगी। मंत्री ने कहा कि क्षेत्र की जनता की भी जिम्मेदारी है कि कोई भी सड़क मानकों के अनुरूप नहीं बन रही है तो आगे आकर जरूर शिकायत दर्ज करायें। जनसभा में केन्द्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने ब्लॉक प्रमुख शाहपुर अरविंद त्यागी, ब्लॉक प्रमुख चरथावल अक्षय पुंडीर के साथ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और लोक निर्माण मंत्री को क्षेत्र की जनता की ओर से प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, विधान परिषद सदस्य वन्दना वर्मा, सहारनपुर के विधायक राजीव गुम्बर, प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश, जिला प्रभारी सूर्य प्रकाश पाल, जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, जिलाध्यक्ष मेरठ विमल शर्मा, पूर्व विधायक उमेश मलिक, सत्यपाल सिंह पाल चेयरमैन, पूर्व जिला सहकारी बैंक, अशोक कंसल, मिथलेश पाल, प्रदीप बालियान, विक्रम सैनी, प्रमोद उटवाल, पूर्व सांसद सोहनवीर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, गौरव स्वरूप, पूर्व जिलाध्यक्ष देवव्रत त्यागी, यशपाल पंवार, प्रदीप सैनी, सपना कश्यप, ब्लॉक प्रमुख शाहपुर अरविन्द त्यागी, गौरव पंवार, रूपेन्द्र सैनी, जिला सहकारी बैंक के सभापति ठा. रामनाथ सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गौरव त्यागी, सुधीर खटीक, मीडिया सह प्रभारी अचिन्त मित्तल, हरेन्द्र शर्मा, राजू अहलावत, शरद शर्मा, बिजेन्द्र पाल, सुषमा पुण्डीर, रेणू गर्ग, विजय सैनी आदि मौजूद रहे।

## बाइक की टक्कर से मौत

**मुजफ्फरनगर, 28 जून (बु.)।** बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली पर दर्ज करायी गयी रिपोर्ट में गांव मलीरा निवासी बिट्टू पुत्र वीर सिंह ने बताया कि उसका चाचा ओमवीर बस स्टेंड से वापस अपने घर लौट रहा था। रास्ते में अज्ञात बाइक चालक ने उसके चाचा को टक्कर मार दी। जिससे उसका चाचा गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार हेतु चिकित्सलय में ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में परीक्षण के लिए भेज दिया है और रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## विवाहिता ने ससुरालियों पर लगाये गम्भीर आरोप

मुजफ्फरनगर, 28 जून (बु.)। एक नवविवाहिता ने पति व ससुराल वालों पर गम्भीर आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करायी है। रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव फुलत निवासी विवाहिता ने महिला थाने पर दर्ज करायी गयी रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी 26 फरवरी 2023 को मंसूरपुर निवासी अंशुल के साथ हुई थी। आरोप है कि पति के पड़ौस की ही युवती से नाजायज संबंध थे, जिसके चलते उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोप है कि ससुराल वाले दहेज में बुलेट बाइक और पांच लाख रुपये की मांग कर रहे थे। पीड़िता ने बताया कि अवैध प्रेम प्रसंग के चलते उसके पति ने जहर खा लिया, जो उपचार के बाद ठीक हो गया। लेकिन ससुराल वालों ने दहेज में बुलेट बाइक और पांच लाख रुपए न मिलने पर उसे घर से निकाल दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## संदिग्ध हालात में बालक लापता

**मुजफ्फरनगर, 28 जून (बु.)।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मौहल्ला मल्लूपुरा से एक बालक संदिग्ध हालातों में लापता हो गया। बालक के पिता ने अज्ञात लोगों पर अपहरण का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करायी है। सिविल लाइन थाने पर दर्ज करायी गयी रिपोर्ट में मौहल्ला मल्लूपुरा निवासी इसरार ने बताया कि उसका नाबालिग पुत्र 26 जून को घर से दुकान पर सामान लेने के लिए गया था जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। पीड़ित ने अज्ञात लोगों पर अपहरण का आरोप लगाते हुए अपने पुत्र की बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## हाईटेंशन बिजली की तार के चपेट में आया रथ, छह लोगों के मरने की खबर

त्रिपुरा। उनाकोटी जिले में हाईटेंशन बिजली के तार की चपेट में आने से रथ में आग लग गई। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। त्रिपुरा के उनाकोटी जिले में हाईटेंशन बिजली के तार की चपेट में आने से रथ में आग लग गई। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक यह घटना अपराह्न 4:30 बजे कुमार घाट इलाके में भगवान जगन्नाथ के उलटा रथ यात्रा के दौरान हुई। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, हजारों की संख्या में श्रद्धालु लोहे से बने रथ को खींच रहे थे, तभी 133 केवी के तार से रथ ऊपरी हिस्सा छू गया। एआईजी ज्योतिष्मान दास चौधरी ने बताया छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 15 झुलस गए जिनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

## 13 जुलाई को होगी चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बहुप्रतीक्षित मिशन चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग को लेकर बड़ा एलान किया है। इसरो ने मिशन, चंद्रयान-3 की लॉन्च तिथि की पुष्टि कर दी है। अधिकारियों ने आज घोषणा की कि रॉकेट 13 जुलाई को स्थानीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे लॉन्च किया जाएगा। चंद्रयान-3 का फोकस चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंड करने पर है। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ के मुताबिक, अंतरिक्ष के क्षेत्र में ये भारत की एक और बड़ी कामयाबी होगी। अधिकारियों ने बताया कि चंद्रयान-2 के बाद इस मिशन को चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंडिंग की क्षमता की जांच के लिए भेजा जा रहा है। चंद्रयान-2 मिशन आखिरी चरण में विफल हो गया था। उसका लैंडर पृथ्वी की सतह से झटके के साथ टकराया था, जिसके बाद पृथ्वी के नियंत्रण कक्ष से उसका संपर्क टूट गया था। चंद्रयान-3 को उसी अधूरे मिशन को पूरा करने के लिए भेजा जा रहा है। इसमें लैंडर के चंद्रमा की सतह पर उतरने के बाद उसमें से रोवर निकलेगा और सतह पर चक्कर लगाएगा। हालांकि, प्रक्षेपण की तिथि से जुड़े सवाल पर इसरो के चेयरमैन एस सोमनाथ ने कहा, अभी चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण की अंतिम तिथि तय नहीं है। एजेंसी 12 से 19 जुलाई के बीच कोई तिथि तय कर सकती है। हम जल्द से जल्द किसी संभावित तिथि पर विचार कर रहे हैं, यह 12, 13, 14 या 19 जुलाई कोई भी तिथि हो सकती है।

## बसपा के पूर्व विधायक का पुत्र गिरफ्तार

**बदायूँ 28 जून (वार्ता)।** बदायूँ की शेखुपुर विधानसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के विधायक रहे हाजी मुस्लिम खान के बेटे को सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली टिप्पणी करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। पूर्व विधायक के पुत्र अबूतलहा पर आरोप है कि उसने अपनें इन्स्टाग्राम अकाउन्ट पर भगवान राम और सीता के लिए अपशब्द लिख कर उसे पोस्ट किया जिसका स्क्रीन शॉट वायरल हो गया। उसके बाद मयंक राज नामक व्यक्ति ने शासन को ट्वीट कर इस मामले की शिकायत की तो हड़कंप मच गया। इस तरह की पोस्ट किए जाने के बाद कई हिंदूवादी संगठनों ने इसका तीखा विरोध किया और कार्यवाही कराने के लिए जिले के आला अधिकारियों से संपर्क साधा। जिसके बाद अलापुर थाने की पुलिस नें मुकदमा दर्ज किया है। अलापुर इंस्पेक्टर हरिपाल सिंह बालियान ने बताया कि शेखुपुर विधानसभा से बसपा के पूर्व विधायक मुस्लिम खां बेटे अबूतलहा पर धार्मिक उन्माद फैलाने,धार्मिक भावनाओं को आहत करने की धारा 505 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 के तहत एफआईआर दर्ज की गयी है। मामले की जाँच की जा रही है। आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इस मामले के बाद हिंदूवादी संगठनों में रोष व्याप्त है। किसी भी प्रकार की घटना न हो, इसके लिए खुफिया तंत्र को सक्रिय कर दिया गया है।

## अब क्या हर गांव में हैलीपेड बनवाओगे: संजीव बालियान

**चरथावल।** विकास की सौगात लेकर आये केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान ने विकास को लेकर विपक्ष द्वारा कथित सवालों को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया जताई। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई गांव नहीं बचा जहां उनके नाम का पत्थर न लगा हो। जिस गांव में उन्हें मात्र 07 वोट मिले थे, वहां भी उन्होंने तीन करोड़ की विकास योजनाएं देने का काम किया है। वो देख रहे हैं कि कुछ लोग जानबू-कर विकास नहीं होने का दुष्प्रचार कर रहे हैं। विपक्ष तो विकास की सच्चाई को स्वीकार करने को तैयार नहीं है। नौ साल का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि साढ़े पांच हजार करोड़ रुपये की पानीपत खटीमा राजमार्ग, डेढ़ हजार करोड़ रुपये की लागत से मेरठ करनाल मार्ग, अरबों रुपये के बजट से रेलवे स्टेशन का नया भवन, लाइन का दोहरीकरण और इलेक्ट्रिक लाइन, पीनना से रामपुर तिराहा बाईपास, अरबों रुपये की लागत से बिजलीघरों का निर्माण, 24 घंटे लाइट, पानी की आपूर्ति, गांव गांव के सम्पर्क मार्ग निर्माण और इतना काम होने पर भी कुछ लोग यही कहते रहते हैं कि गांव में थोड़ा विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि कोई उन्हें बताये तो सही क्या काम नहीं हुआ है, अब क्या हर गांव में हैलीपेड बनवाओगे। उन्होंने मीडिया कर्मियों से भी सच्चाई का साथ देने का अनुरोध किया। मंत्री बालियान ने कहा कि मोदी सरकार आने से पहले देश के अखबार घोटालों और आतंकी हमलों या विस्फोटों की घटनाओं की खबरों से भरे होते थे। लोकल अखबारों की हैड लाइन केवल डकैती, लूट, हत्या और अपहरण ही होती थी, यही खबर पढ़ी जाती थी कि थानों पर हमला कर बदमाशों को छुड़ा लिया गया है। 2014 के बाद परिवर्तन आया है। इन नौ साल में देश ही नहीं प्रदेश ने भी जिस तेजी से तरक्की की है, वो जनता ने देखा है। पहले एक गांव की सड़क बनाना भी दूभर हो जाता था, लेकिन अब बड़े हाईवे यहां पर बन रहे हैं। उन्होंने जनता से कहा कि अगले दिनों में आपको तय करना है कि विकास की इस गति को कहां पर ले जाना है।


भाजपा नेता अचिंत मित्तल प्रदेशाध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी से मुलाकात करते हुए

# त्याग का पर्व बकरीद आज, बाजारों में दिखी चहल-पहल

**▶ जिले में सुरक्षा के बीच मनेगा त्यौहार, पुलिस अलर्ट मोड़ पर**
**▶ कंपनी बाग के बाहर देर सायं तक खूब बिके कुर्बानी के बकरे**

**मुजफ्फरनगर, 28 जून (बु.)। देशभर के साथ गुरूवार को जनपद में ईद-उल-अजहा का त्यौहार कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मनाया जाएगा, इसको लेकर तमाम तैयारियां देर रात्रि तक जारी रही। इस बीच जहां एक ओर अधिकारियों ने ईदगाह के साथ अन्य मस्जिदों व मिश्रित बस्तियों में सुरक्षा इंतजामों को परखा, वहीं पालिका प्रशासन के अधिकारियों ने साफ-सफाई के साथ पेयजल आपूर्ति, पथ प्रकाश एवं अन्य व्यवस्थाओं को दुरूस्त किए जाने के भी अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए। देशभर में हिजरी कैलेंडर के आखिरी महीना जिलहिज्जा की 10 तारीख को मनाया जाने वाला ईद-उल-अजहा यानि बकरीद का त्यौहार गुरूवार को मनाया जाएगा। कुर्बानी की ईद के नाम से मशहूर इस त्यौहार को मनाने की मुकम्मल तैयारी जनपद में इस बीच मुस्लिम समुदाय ने पूरी कर ली है। दूसरी ओर, पुलिस भी इस दौरान अलर्ट मोड पर है। बकरीद की पूर्व संध्या पर पुलिस ने भाईचारे से त्यौहार को मनाने, सामाजिक एवं सांप्रदायिक सौहार्द्र के साथ ही शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की है। इसके साथ चेतावनी दी है कि अगर किसी नेसांप्रदायिक तनाव फैलाने, दंगा करने या कराने का प्रयास किया, तो खैर नहीं होगी। वहीं पुलिस ने आपत्तिजनक व भड़काऊ संदेश, फोटो व वीडियो को सोशल मीडिया में पोस्ट, शेयर और कमेंट नहीं करने का अनुरोध किया है। वहीं शहर काजी तनवीर आलम समेत मुस्लिम बिरादरी के कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी बकरीद के मौके पर प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नहीं करने का अनुरोध सार्वजनिक रूप से किया है। इसके अलावा बकरीद को लेकर बीते कई दिनों से जिले के अधिकांश थानों में हुई शांति समिति की बैठक में भी कुर्बानी के लिए पशु का चयन सामाजिक सद्भाव को ध्यान में रखकर करने की अपील की है। उधर, त्याग के पर्व बकरीद को लेकर बुधवार को देर रात्रि तक अधिकांश मुख्य बाजारों में लोग खरीदारी के लिए देर रात्रि तक जुटे रहे। वहीं शहर के शिवचौक, भगत सिंह रोड, एसडी कॉलेज मार्किट, झांसी की रानी और खालापार समेत अन्य मुख्य बाजारों में खरीदार इस बीच में नए कपड़े, चप्पल-जूते समेत अन्य जरुरी सामानों की देर रात्रि तक जमकर खरीदारी की। देर रात्रि तक ऐसे हालातों में मुख्य बाजार गुलजार रहे। वहीं दूसरी ओर नगर के मेरठ रोड कंपनी बाग के पास देर सायं तक कुर्बानी के लिए बकरों की भी जमकर बिक्री होती रही। इस दौरान कीमती बकरों की खरीदारी को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिला।**



## किस समय कहां होगी बकरीद की नमाज...

**मुजफ्फरनगर, 28 जून (बु.)।** ईद-उल-अजहा त्यौहार के मद्देनजर शहर काजी तनवीर आलम ने जहां एक ओर ईद की नमाज का ईदगाह समेत शहर की अन्य मजिस्दों में नमाज अदा करने का समय तय करते हुए अपनी सुविधा के अनुसार नमाज अदा करने की अपील की। वहीं उन्होंने लोगों से यह भी अपील की है कि वें प्रतिबंधित जानवर की कुर्बानी ना करें। उन्होंने लोगों को साफ-सफाई के लिए प्रेरित करते हुए कुर्बानी के जानवर की वीडियो भी ऐसे में सोशल मीडिया पर वायरल न करने की बात की, जिससे किसी हम वतन को कोई परेशानी हो। मुजफ्फरनगर समेत देशभर में गुरूवार 29 जून को ईद-उल-अजहा यानी बकरीद की नमाज को लेकर शासन की जारी गाइड लाइन के बीच शहर काजी काजी तनवीर आलम ने मुस्लिम समाज के लोगों से ईद-उल-अजहा के त्यौहार को आपसी सद्भाव व सौहार्द के बीच मिलकर मनाने के साथ त्यौहार पर प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी ना करने के साथ साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखने की भी अपील की। शहर काजी ने प्यार और मोहब्बत के साथ बकरीद का त्यौहार मनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि शामली रोड स्थित ईदगाह पर सुबह 6.30 बजे ईद-उल-अजहा की नमाज अदा होगी। वहीं मस्जिद फक्करशाह, मस्जिद हौज वाली खालापार, मस्जिद लियाकतपुरा चौड़ी गली लद्धावाला, मस्जिद हौज वाली सरवट गेट पर सुबह 6.45 बजे ईनद की नमाज अदा की जाएगी। वहीं मस्जिद नुमाईश कैंप व मस्जिद मुहम्मदी पुजाये वाली रहमत नगर में सुबह 7 बजे ईद-उल-अजहा की नमाज आद किए जाने का समय निर्धारित किया है।

## हिमाचल में कार हादसे में युवती सहित चार की मौत, सुक्खू ने जताया शोक

**शिमला 28 जून (वार्ता)। राजधानी शिमला के रामपुर में बड़ा सड़क हादसा पेश आया है जहां एक युवती समेत चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। पुलिस ने मृतकों की पहचान अविनाश मांटा (24) पुत्र देविंद्र मांटा निवासी गांव चकली डाकघर दियोठी रामपुर शिमला, सुमन (22) पुत्र भाग चंद गांव कुकही डाकघर दरकाली तहसील रामपुर जिला शिमला, हिमानी (22) पुत्री दलीप सिंह गांव कुकही डाकघर दरकाली तहसील रामपुर जिला शिमला और संदीप (40) पुत्र चेत राम गांव कुकही डाकघर दरकाली तहसील रामपुर जिला शिमला के तौर पर हुई है। इसके अलावा शिवानी (22) पुत्री दलीप कुमार गांव कुकही डाकघर दरकाली तहसील रामपुर जिला शिमला बुरी तरह से जख्मी हुई है जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हादसा रामपुर के शलून कैंची के पास पेश आया है। ऑल्टो कार एचपी 06बी-3901 में सवार होकर सभी लोग शादी समारोह से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया जिस कारण गाड़ी सड़क से लुढ़क कर 500 मीटर नीचे गहरी खाई में जा गिरी। उपमंडलाधिकारी रामपुर निशांत तोमर ने बताया कि कार हादसे के मृतकों को 25-25 हजार रुपये, जबकि घायल को 10 हजार रुपये की फौरी राहत राशि जारी की गई है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शोक व्यक्त किया है।**

## आठ माह में तैयार होगा चरथावल-थानाभवन मार्ग

**चरथावल।** लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि मंत्री संजीव बालियान और मंत्री कपिल देव की जोड़ी बहुत ही मजबूत है, जो हर समय क्षेत्र की जनता के हितों और विकास के लिए काम करती है। संजीव बालियान लखनऊ में जब भी उनसे मिलते हैं तो उनका हालचाल जानने के बजाये सड़कों को बनवाने की बात करते हैं। बाकी कपिल देव अपने प्रयासों से सरकार से विकास योजना लाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार हर योजना को निर्धारित समय पर पूरा करती है। चरथावल-थानाभवन मार्ग का काम भी समय से पूरा होगा। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर को बुलाकर सवाल किया कि थानाभवन वाली ये सड़क कितने समय में पूरी करोगे, क्योंकि देश और प्रदेश में मोदी योगी की सरकार है, जो सिर्फ शिलापट लगाने में विश्वास नहीं रखती। चीफ इंजीनियर ने कहा कि नौ माह में यह सड़क बनकर तैयार हो जायेगी। इस पर मंत्री जितिन प्रसाद ने चुटकी लेते हुए कहा कि नौ माह में तो मंत्री संजीव बालियान की ट्रेन निकल जायेगी, यदि ट्रेन पकड़वानी है तो आठ माह में इस सड़क का काम पूरा करना होगा। इसके बाद चीफ इंजीनियर ने वादा किया कि आठ माह में ही यह सड़क जनता को समर्पित कर दी जायेगी।

## गांधी कालोनी से भोपा रोड, रुड़की रोड से गांधी कॉलोनी फाटक तक सड़कें होंगी चौड़ी

**चरथावल।** शहर में गांधी कालौनी से भोपा रोड और रुड़की रोड से गांधी कालोनी फाटक तक चौड़ीकरण के साथ सड़कों का नवनिर्माण होगा। लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने बुधवार को केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान के प्रस्ताव पर बघरा अमीननगर 20 करोड़, पानीपत खटीमा मार्ग से सम्पर्क मार्ग 21 करोड़ रुपये के कार्यों का ऐलान किया। इसके साथ ही मंत्री कपिल देव के प्रस्ताव पर रूड़की रोड से गांधी गालौनी फाटक, गांधी कॉलोनी से भोपा रोड सड़क निर्माण के लिए भी हरी-ंडी दी। उन्होंने अधिकारियों ने इस चारों सड़कों की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाकर मुख्यालय भिजवाने के लिए कहा ताकि जल्द से जल्द उन पर काम शुरू कराया जा सके। मंत्री ने कपिल देव अग्रवाल के उस प्रस्ताव को भी जल्द पूरा कराने का भरोसा दिया, जिसमें उन्होंने शहर में नये पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस बनवाने की मांग की है।

## भानुमति के कुनबे को करना होगा ध्वस्त: कपिल देव



**चरथावल।** प्रदेश सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में मोदी और योगी सरकार की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। योगीराज में जिस तरह गुण्डों का सफाया हुआ है, उससे सुरक्षा की भावना बढ़ी है। विकास को गति के साथ पिछले छह सालों में किसी को माहौल बिगाड़ने की छूट नहीं मिली है। दोनों सरकारें शानदार तरीके से देश का गौरव बढ़ाने का काम कर रही हैं। विपक्ष को सरकार की उपलब्धियां फूटी आंख से भी नहीं भा रही। ऐसे में घोटालों और भ्रष्टाचार में लिप्त विपक्ष के नेता भानुमति का कुनबा जोड़कर मोदी सरकार को हटाने का षडयंत्र कर रहे हैं। देश की जनता सम-ा चुकी है कि मोदीराज में देश और उनका हित सुरक्षित है। 2024 के चुनाव में जनता को भानुमति के इस कुनबे को ध्वस्त कर एक बार फिर कमल खिलाना है।

# एमडीए की नाक के नीचे अवैध निर्माण

**मुजफ्फरनगर, 28 जून (बु.)।** दशकों बाद भी जिले में सुनियोजित विकास कराने में पूरी तरह नाकाम रहा एमडीए अब अवैध निर्माण से भी नजरें मोड़ने लगा है। हालात यह हैं कि ग्रीन बैल्ट एरिया में धड़ल्ले से हो रहे अवैध निर्माण की अफसरों को खबर ही नहीं। वहीं दूसरी ओर जिले की बाहरी अवैध कालोनियों पर रोज बुल्डोजर चलाने वाले उक्त अफसर विभाग की नाक के नीचे चल रहे अवैध निर्माण से अनजान है। ऐसे मामलों में कोई कार्रवाई न करना तो अलग बात है लेकिन अवैध निर्माण की जानकारी ही न होना अपने आप में गंभीर विषय है। जी हां, यही है एमडीए द्वारा की जा रही कार्रवाई का भीतरी सच। मेरठ रोड़ स्थित सुजडु चुंगी का है। नगर के दक्षिणी छोर पर विभागीय कार्यालय के समीप ही वहलना चौक से नगर की ओर का क्षेत्र ग्रीन बैल्ट एरिया में शुमार है। उक्त क्षेत्र में नियमानुसार बिना अनुमति निर्माण प्रतिबंधित है, पर ऐसा कागजों में है, लेकिन यहां खाली प्लॉट पर धड़ल्ले से निर्माण चल रहा है। इसकी जानकारी लेने के लिए कुछ मीडिया कर्मियों की टीम मौके पर पहुंची तो यहां काम करने वाले मजदूर व मिस्त्री इस बात का जवाब नहीं दे पाए कि उक्त जमीन किसकी है और क्या निर्माण चल रहा है। मीडिया को देखकर यहां पर उथल-पुथल हुई और मिस्त्रियों ने काम रोक दिया। उधर, मामले को लेकर जब एमडीए अधिशासी अभियंता विनीत अग्रवाल से जानकारी की गई तो उन्होंने इस मामले से सीधे तौर पर पल्ला झाड़ते हुए कहा कि यह क्षेत्र उनका नहीं है और न ही उन्हें इस बात की जानकारी है कि ग्रीन बैल्ट एरिया कहां तक है। उधर, इस मामले में एमडीए के सहायक अभियंता भरतपाल सिंह का कहना है कि वहलना चौक से शहर की ओर से आने वाला क्षेत्र कहां तक ग्रीन बेल्ट में है, इसकी जानकारी तो नक्शा देखकर ही दी जा सकती है, पर जिस तरह से सुजडु चुंगी पर निर्माण की जानकारी मिली है उसका सर्वे कराने के बाद कोई कार्यवाही होगी। उन्होंने कहा कि एमडीए के प्लानिंग विभाग के पास इसकी जानकारी है कि कौन सा क्षेत्र ग्रीन बैल्ट है।



**▶ अवैध उगाही व अनदेखी के लगते रहे हैं तमाम गंभीर आरोप**

# कंपनी बाग में बाग बहार का ठेका 12.55 लाख रुपये में छूटा

**▶ चेयरमैन के आदेश के बाद नींद से जागा नगर पालिका प्रशासन**

**मुजफ्फरनगर, 28 जून (बु.)।** फजीहतों के बाद कंपनी बाग में बाग बहार का तीन साल का ठेका आखिर 12 लाख 55 हजार रुपये में छोड़ा गया। उक्त मामले में बीते दिनों चेयरमैन के आदेश के बाद पालिका प्रशासन ने ठेका छोड़ने की प्रक्रिया पूर्ण की। इस बार देर से ठेका छोड़े जाने के कारण हालांकि 4 लाख से अधिक के फल गायब हो गए। इसके साथ ही अस्पताल के पास पार्किंग का ठेका तीसरे प्रयास में भी पालिका की टीम छोड़ पाने में असफल रही।

नगर पालिका प्रशासन की बीते दिनों बोर्ड बैठक में फजीहत के बाद पालिका कंपनी बाग के ठेके को छोड़ने में सफल रहा। इस बीच अस्पताल के सामने के साइकिल स्टैंड के ठेके को टीम छोड़ पाने में असफल साबित हुई। कंपनी बाग के ठेके के बारे में पालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप का कहना है कि वर्ष 2021-22 का ठेका 4 लाख 18 हजार रुपये में छोड़ा गया था, यह ठेका उसके ही बराबर है। नगरपालिका परिषद के अधीन कमला नेहरू वाटिका की बाग बहार का ठेका नई व्यवस्था करते हुए तीन साल के लिए छोड़ा गया। इस बार यह ठेका 12.55 लाख रुपये में छोड़ा गया है। इससे पूर्व दो बार ठेके को छोड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन बोली नहीं आने पर यह हर बार स्थगित किया जाता रहा। इस बार इस साल की फसल बाग में न होने की शिकायत पर चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप ने 3 साल के लिए बाग बहार का ठेका छोडने के निर्देश दिए। बुधवार को कर निर्धारण अधिकारी नरेश कुमार सिवालिया ने बताया कि कंपनी बाग वाटिका के बाग बहार का ठेका 12.55 लाख रुपये में छोड़ा गया, जबकि 15.24 लाख की सरकारी बोली तय की गयी थी। यह ठेका 3 वित्तीय वर्ष के लिए छोड़ा गया है। पूर्व में दो वर्ष के लिए कुल 9.09 लाख रुपये की सरकारी बोली पर ठे-के की उक्त नीलामी कराई गई थी, लेकिन इस बीच कोई बोलीदाता तैयार नहीं था। बता दें, इस बार कंपनी बाग की लीची, आम आदि ही गायब हो गई थी। इस मामले में चेयरमैन का कहना है कि कंपनी बाग मामले में जिन कर्मचारियों और अधिकारियों ने लापरवाही की, उनकी जवाबदेही तय की जाएगी। जांच के बाद इस मामले में दोषियों पर कार्रवाई होगी।

## खेत में खनन करते तीन गिरफ्तार, कब्जे में ली ट्रैक्टर-ट्रॉली व जेसीबी

**भोपा, 28 जून (बु.)।** गांव शुक्रतारी के जंगल में छापेमारी करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को खनन करते हुए गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक अन्य मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके से तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली व एक जेसीबी को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार ने बताया कि बुधवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर शुकतीर्थ पुलिस चौकी के प्रभारी ललित कुमार की टीम ने गांव शुक्रतारी के जंगल में किसान बीरसिंह के खेत में छापेमारी करते हुए बिना अनुमति के खनन कर रहे सुरेश निवासी गांव दरियाबाद, शिव कुमार गांव जड़वड़ कटिया, गौरव मोरना को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक आरोपी सतीश कुमार खरपौड़ फरार हो गया। पुलिस ने मौके से तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली व एक जेसीबी को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने गंभीर धारा में मुकदमा दर्ज कर तीनों आरोपियों का चालान कर दिया।



## अब आएगी केजरीवाल की असलियत सामने :भाजपा

**नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बहुचर्चित आवास के निर्माण में अनियमितताओं की जांच करने के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) के फैसले का स्वागत करते हुए आज कहा कि इससे श्री केजरीवाल के चरित्र की असलियत सामने आ सकेगी। दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि भाजपा सीएजी के फैसले का स्वागत करती है, सीएजी ने आज केजरीवाल के भ्रष्टाचार के प्रतीक शीशमहल की जाँच करने का फैसला लिया है जिससे अब केजरीवाल का सच जनता के सामने आ जाएगा। श्री सचदेवा ने कहा कि दिल्ली की जनता को पता चल पाएगा कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के लोगों को महंगे महंगे सामान लगाने, आलीशान निर्माण के लिए कौन निर्देश दिया करता था।**

# सूक्ष्म उद्यमियों को मिलेगा पांच लाख का दुर्घटना बीमा कवर



**लखनऊ, 28 जून (वार्ता)।** एमएसएमई सेक्टर को प्रोत्साहित कर रही उत्तर प्रदेश सरकार ने अब सूक्ष्म उद्यमियों को पांच लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा कवर देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में बुधवार को मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। इसके अंतर्गत पात्र सूक्ष्म उद्यमी की दुर्घटना में मृत्यु होने या अपंगता पर पांच लाख रुपए तक का दावा किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में स्थापित कुल एमएसएमई इकाइयों का लगभग 15 प्रतिशत ही औपचारिक रूप से उद्यम रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर रजिस्टर्ड हैं और 85 प्रतिशत इकाइयां अनौपचारिक रूप से कार्यरत हैं। उद्यम रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य न होने के कारण इन इकाइयों के आंकड़े औपचारिक रूप से उपलब्ध नहीं होते हैं। औपचारिक आंकड़ों की उपलब्धता न होने से इस क्षेत्र का आर्थिक योगदान वास्तविक रूप से प्रदर्शित नहीं हो पाता, वहीं नीति निर्धारण में भी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इसी के चलते योगी सरकार ने सूक्ष्म उद्यमियों को राहत देने का निर्णय लिया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत 18 वर्ष से 60 वर्ष के सूक्ष्म श्रेणी के उद्यमियों द्वारा आवेदन किया जा सकता है। इसमें ऐसे सूक्ष्म उद्यमियों को आच्छादित किया जाएगा जो जीएसटी विभाग के द्वारा संचालित व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना का लाभ पाने के पात्र नहीं हैं। योजना के अंतर्गत दुर्घटना के चलते यदि किसी सूक्ष्म उद्यमी की मृत्यु होती है तो उसके परिजनों को पांच लाख रुपए तक की आर्थिक मदद प्राप्त हो सकेगी। दुर्घटना में स्थाई अपंगता पर भी पांच लाख रुपए तक की आर्थिक मदद का प्राविधान है वहीं आंशिक अपंगता पर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी विकलांगता प्रमाण पत्र में विकलांगता प्रतिशत के अनुसार राहत राशि प्राप्त होगी। दुर्घटना होने की दशा में पीड़ित के परिवार द्वारा ऑनलाइन व्यवस्था में आवेदन करने के बाद समस्त प्रपत्रों की एक प्रति संबंधित जिले के उपायुक्त उद्योग को प्रस्तुत की जाएगी। रजिस्टर्ड सूक्ष्म उद्यमी की दुर्घटना होने की दशा में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उपायुक्त उद्योग से क्लेम धनराशि की संस्तुति प्राप्त होने के बाद निदेशालय स्तर से उद्यमी के नामित वारिस को बीमा की धनराशि डीबीटी के माध्यम से अधिकतम एक माह में उपलब्ध करा दी जाएगी।